हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार 30 जुलाई 2026


तापमान

अधिकतम 28.4 डिग्री

न्यूनतम 23.2 डिग्री

12 पदोन्नति प्रक्रिया में लगातार हो रही देरी...



13 गुरु की महत्ता का किया बखान, ग्रामीण अंचल...





## खबर संक्षेप

### पिंक पुलिस पेट्रोलिंग टीम ने कोटप्पा के तहत की कार्रवाई

**भिलाई।** पिंक पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने कोटपा एक्ट के तहत दस दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की है। थाना भिलाई तीन, मोहन नगर, खुर्सीपार, नेवई क्षेत्रों में कुल 10 दुकानदारों के यहां टीम पहुंची थी। अभियान के तहत विद्यालयों के 100 गज के दायरे में स्थित दुकानों का निरीक्षण किया। दुकानदारों को नाबालिगों छात्र-छात्राओं को तंबाकू उत्पादों का बेचने प्रतिबंध लगाने को कहा गया है। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों , विशेषकर बालिकाओं, नाबालिग को तंबाकू उत्पादों की उपलब्धता रोकना, शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों का विक्रय पर नियंत्रण स्थापित करना है।

### मारपीट कर धमकी देने वाला बदमाश पकड़ाया

**भिलाई।** मारपीट कर धमकी देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि शराब पीने के लिए रकम का डिमांड करने वाला मिनीमाता बम्लेश्वरी किराना दुकान के पास, गौतम नगर सुपेला निवासी राहुल यादव को गिरफ्तार किया गया है। राहुल आपने मोहल्ले के एक व्यक्ति को शराब के लिए रकम मांग रहा था। रकम नहीं देने पर राहुल ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। अपने पास रखे धारदार हथियार को दिखाकर राहुल डरा धमका भी रहा था। इस दौरान बीच-बचाव करने आए रूपचंद रात्रे के साथ भी आरोपी ने हाथापाई की। आरोपी के खिलाफ गुण्डा बदमाश होने के कारण बाउण्ड ओवर की कार्रवाई की गई। आरोपी के पास से धारदार हथियार जब्त किया है।

### वर्तमान एजेंसी कर रही 1,450 में जांच, 1 अगस्त से देना पड़ सकता है 2,500 रुपए

# पीएमई का जिम्मा सेक्टर-9 अस्पताल के ऊपर बीएसपी ठेका मजदूरों पर बढ़ेगा आर्थिक बोझ

## 1 अगस्त से बीएसपी में पीएमई व्यवस्था बदलने की हो रही तैयारी

डॉ. संदीप उपाध्याय ▶▶भिलाई

भिलाई स्टील प्लांट प्रबंधन 1 अगस्त से पीएमई (पीरियॉडिकल मेडिकल एग्जामिनेशन) की व्यवस्था में बदवाल करने जा रहा है। जो नई व्यवस्था लागू हो रही है उससे ठेका मजदूरों या उनकी एजेंसी के ऊपर 1 करोड़ रुपए से अधिक का आर्थिक बोझ बढ़ेगा, जिसका सीधा असर गरीब मजदूरों पर जाएगा। इसे देखते हुए पिछले तीन वर्षों से संचालित श्रमिकों के लिए पीएमई की व्यवस्था को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है।

बीएसपी के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 1 अगस्त से पीएमई जांच का कार्य वर्तमान निजी एजेंसी से हटाकर सेक्टर-9 अस्पताल को सौंपने की तैयारी की जा रही है। इस निर्णय से न केवल श्रमिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है, बल्कि सार्वजनिक धन के उपयोग पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। वर्तमान में अनुबंधित निजी एजेंसी एक श्रमिक की पीएमई जांच के पीछे 1,450 रुपए का शुल्क ले रही है। एजेंसी के द्वारा फैक्ट्री एक्ट के सभी मानकों के अनुरूप श्रमिक की जांच कर रिपोर्ट दी जा रही है। नए प्रस्ताव के तहत इसी कार्य के लिए बीएसपी प्रबंधन ने लागत को बढ़ाकर 2400-2500 रुपए प्रति श्रमिक तक किए जाने की आशंका जताई जा रही है। इसे लेकर श्रमिक संगठनों का कहना है कि जब वही कार्य पिछले तीन सालों से कम लागत में सफलतापूर्वक चल रहा है, तो अचानक इतना अधिक अतिरिक्त वित्तीय बोझ डालने का क्या औचित्य है?




फोटो-एआई

### उच्चाधिकारियों के दबाव का आरोप

आरोप लगाए जा रहे हैं कि शीर्ष प्रबंधन के दबाव में इस अपर्याप्त व्यवस्था को लागू किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार पीएमई केवल एक सामान्य हेल्थ चेकअप नहीं, बल्कि श्रमिकों के व्यावसायिक स्वास्थ्य से जुड़ा एक कानूनी व तकनीकी विषय है, जिसमें किसी भी प्रकार का समझौता नुकसानदेह साबित हो सकता है।

### इस तरह पड़ेगा एक करोड़ से अधिक का बोझ

जानकारी के अनुसार बीएसपी में 10 हजार से अधिक ठेका मजदूर कार्यरत हैं। पीएमई की नई व्यवस्था के तहत एक मजदूर पर 1050 रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इस तरह यदि सभी मजदूरों की पीएमई जांच कराई जाती है तो ठेका एजेंसी को पिछली जांच एजेंसी के मुकाबले एक करोड़ से अधिक का भुगतान करना होगा। जिसका भार मजदूरों पर भी जाएगा।

### संसाधनों की कमी फिर भी सेक्टर-9 अस्पताल को जिम्मेदारी

सेक्टर-9 अस्पताल प्रबंधन के एक बड़े डॉक्टर ने बताया कि सेक्टर 9 अस्पताल पहले डॉक्टरों और संसाधनों की कमी को लेकर जूझ रहा है। वो अपने मरीजों को ही बेहतर सुविधा देने के लिए डॉक्टरों व संसाधनों की कमी से लड़ रहा है। इसके बावजूद उनके ऊपर पीएमई का बोझ और डाला जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने इसको लेकर डीआईसी को लेटर लिखा है और ये जिम्मेदारी पहले की तरह ही पुराने दर पर चलने देने की मांग की है, लेकिन डीआईसी इंचार्ज महापात्रा अपनी मनमर्जी चलाने पर तुले हुए हैं। जब उन्हें इस बारे में जानकारी लेने के लिए फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### सेक्टर 9 अस्पताल के पास जांच के लिए संसाधन नहीं

फैक्ट्री एक्ट के तहत मजदूरों की जो पीएमई की जांच की जाती है उसके लिए मानक के मुताबिक जांच मशीने और संसाधन होने चाहिए। सेक्टर-9 अस्पताल प्रबंधन ने डीआईसी को पत्र लिखकर यह बताया है कि उनके पास फैक्ट्री एक्ट के तहत अनिवार्य उच्च-स्तरीय जांचों के लिए पर्याप्त अवसंरचना उपलब्ध नहीं है।

**विशेषज्ञों का अभाव :** योग्य ऑडियोलॉजिस्ट, पूर्णकालिक रेडियोलॉजिस्ट और प्रशिक्षित स्पिरोमेट्री तकनीशियनों की कमी।

**तकनीकी बाधाएं :** श्रम विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर मेडिकल रिपोर्ट अपलोड करने हेतु आवश्यक पीएमई डिजिटल सॉफ्टवेयर व सिस्टम नहीं है।

**आंतरिक असमर्थता :** अस्पताल प्रबंधन की टीम ने उपलब्ध संसाधनों के आधार पर इस कार्य को करने में असमर्थता व्यक्त की है और वर्तमान व्यवस्था या नए टेंडर का सुझाव दिया है।

### श्रमिक संगठनों की प्रमुख मांगें

**उच्च स्तरीय जांच:** पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए।

**पारदर्शी टेंडर प्रक्रिया :** यदि व्यवस्था में बदलाव जरूरी है, तो खुली निविदा आमंत्रित की जाए ताकि प्रतिस्पर्धी दरों पर बेहतर सेवाएं मिल सकें।

**अंतरिम व्यवस्था :** नई और सक्षम एजेंसी के चयन तक वर्तमान व्यवस्था को ही जारी रखा जाए।


सस्ता सस्ता सस्ता

न्यु ओम ज्वेलर्स

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें

सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री

शर्तें लागू

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

शैलदेवी महाविद्यालय

Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg

अंडा, दुर्ग | NAAC A | 9575037637 6265377477

ADMISSION OPEN

BA (Home Science Geography)
BCom
MCom
Girls/Boys Hostel

BCA
DCA
PGDCA
Scholarship - 8000 to 13000/-

BSc Maths CS/Bio
MSc Physics/CS Chemistry

MSW
B.Lib

पढ़ाई के साथ-साथ सरकारी नौकरी की तैयारी भी...

Diploma in YOGA

B.Ed, D.El.Ed, B.Sc B.Ed.





**खबर संक्षेप**

### शिक्षकों के कर्तव्य प्रमाण पत्र व अर्जित अवकाश का आदेश निरस्त

**दुर्ग।** जिला जनगणना अधिकारी अभिजीत सिंह ने जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त शिक्षकों को सामूहिक कर्तव्य प्रमाण पत्र (ड्यूटी सर्टिफिकेट) जारी करने तथा अर्जित अवकाश प्रदान करने संबंधी पूर्व में जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा सौंपे गए दायित्वों के सफल निर्वहन का उल्लेख करते हुए कार्यरत शिक्षकों को कर्तव्य प्रमाण-पत्र जारी करने एवं अर्जित अवकाश स्वीकृत करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था, जिसके संदर्भ में जारी पूर्व आदेश को प्रशासनिक एवं तकनीकी कारणों से निरस्त करते हुए स्पष्ट किया गया है कि इस विषय में शासन से आगामी दिशा-निर्देश प्राप्त होने के उपरांत ही आगे की नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक 4 अगस्त को

**दुर्ग।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक मंगलवार 4 अगस्त को अपरान्ह 5 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सभी सदस्य बैंकर्स, शासकीय विभाग के अधिकारी को प्रस्तावित एजेंडा अनुसार पूर्ण अद्यतन जानकारी सहित समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### 7 साल बाद मुकुंद धीमर को मिला आधार कार्ड

**दुर्ग।** सीएम हेल्पलाइन सीजी 1076 में दर्ज शिकायत के माध्यम से लगातार 7 वर्षों से आधार कार्ड बनवाने के लिए भटक रहे युवा मुकुंद धीमर को आधार कार्ड प्राप्त हो गया। जिला प्रशासन द्वारा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण हैदराबाद कार्यालय से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई की गई, जिसके परिणामस्वरूप उनकी लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हुआ। आधार कार्ड नहीं होने के कारण मुकुंद धीमर बैंक में अपना खाता नहीं खुलवा पा रहे थे।

# पदोन्नति प्रक्रिया में लगातार हो रही देरी से शिक्षकों में बढ़ रहा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

टेट उत्तीर्ण कल्याण शिक्षक संघ ने शासन से मांग की है कि पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने से पहले वरिष्ठता सूची से संबंधित सभी आपत्तियों एवं वैधानिक पहलुओं का निराकरण किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार के विवाद अथवा न्यायालयीन स्थिति उत्पन्न न हो। शिक्षकों का कहना है कि शासन को इस विषय में स्पष्ट निर्णय लेकर सभी पात्र शिक्षकों के साथ न्याय करना चाहिए। पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करते हुए टेट उत्तीर्ण शिक्षकों को वरिष्ठता सूची में वरीयता प्रदान करने संबंधी निर्णय लिया जाए। यदि इस मांग की अनदेखी की गई और टेट उत्तीर्ण शिक्षकों के अधिकारों का संरक्षण नहीं किया गया, तो संघ प्रदेशव्यापी लोकतांत्रिक एवं चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

## वरिष्ठता सूची से संबंधित सभी आपत्तियों एवं वैधानिक पहलुओं का निराकरण करने पर जोर

### लंबे समय से रुकी है पदोन्नति

संघ का कहना है कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा विभाग की लंबे समय से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया एक बार फिर निर्धारित समय-सीमा में पूरी नहीं हो सकी है, जिससे प्रदेश के हजारों शिक्षक एवं कर्मचारी गहरी निराशा और असंतोष व्यक्त कर रहे हैं। शिक्षा मंत्री द्वारा पूर्व में 30 जून तक पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे, जिससे वर्षों से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे शिक्षकों में उम्मीद जगी थी। किंतु विभागीय स्तर पर प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं हो सकी और अब इसे 15 अगस्त तक पूर्ण किए जाने की बात कही जा रही है।



### पदोन्नति से सेवा, वेतनमान वरिष्ठता प्रभावित

शिक्षकों का कहना है कि पदोन्नति में हो रही देरी का सीधा प्रभाव हजारों शिक्षकों की सेवा, वेतनमान, वरिष्ठता तथा भविष्य के कैरियर पर पड़ रहा है। रिक्त पदों के कारण विद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। शिक्षक लगातार मांग कर रहे हैं कि पदोन्नति प्रक्रिया को और अधिक विलंबित किए बिना पारदर्शी, नियमसम्मत एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए।

## पट्टा सर्वे की धीमी प्रगति पर नाराजगी, काम शुरू नहीं करने वाले पटवारियों को नोटिस

# भू-अर्जन के मामले अटके, भारतमाला और रेलवे परियोजना में जमीन अधिग्रहण के मुआवजे के लिए काट रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

## भुइंया और ई-कोर्ट पोर्टल पर लंबित मामलों का 30 दिन में निराकरण करने के निर्देश

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने राजस्व महकमे की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जमीन से जुड़े विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, भू-अर्जन, स्वामित्व योजना, भारतमाला परियोजना, एग्रीस्टैक, भू-आबंटन, नजूल, नक्शा बंटांकन सहित विभिन्न राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने पट्टाधृति सर्वे की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए जिन पटवारियों ने सर्वे शुरू नहीं किया है, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही 29 जुलाई तक सभी वार्डों का सर्वे कार्य पूरा करने तथा ग्राम पंचायत उतई एवं चरोदा नगर निगम के द्वारा अतिरिक्त कर्मचारी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने भारतमाला और रेलवे परियोजना में जमीन अधिग्रहण और मुआवजा प्रकरणों में अवार्ड पारित करने को लेकर भी जानकारी ली। बता दें कि इस मामले को लेकर किसान लगातार मुआवजे के लिए चक्कर काट रहे हैं।



### समय सीमा में कार्य करने के निर्देश

समीक्षा के दौरान अविवादित एवं विवादित नामांतरण, खाता विभाजन और सीमांकन के समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निपटाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने भुईया पोर्टल और ई-कोर्ट पोर्टल पर लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए सभी तहसीलदारों को 30 दिनों के भीतर लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। ग्राम पंचायत स्तर पर लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए सचिवों के माध्यम से करने संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को निर्देशित किया गया। सीमांकन के समय सीमा से बाहर वाले प्रकरण में लिखित प्रतिवेदन राजस्व निरीक्षकों के द्वारा लेने के निर्देश दिए गए।

### पटवारी और राजस्व निरीक्षकों के बायोमीट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य

कलेक्टर ने कहा कि बायोमीट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य हैं। उन्होंने पटवारी एवं राजस्व निरीक्षकों के नियमित बायोमीट्रिक अटेंडेंस सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसका पालन अनिवार्य रूप से हर विभाग को करना होगा, जहां भी ऐसा नहीं किया जा रहा, वहां जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बायोमीट्रिक अटेंडेंस को लेकर सामने आने वाली तकनीकी परेशानियों के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी किया। इस अवसर पर एडीएम विरेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, अपर कलेक्टर सिल्ली थॉमस, अपर कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, अनुविभागीय अधिकारी महेश सिंह राजपूत, उत्तम ध्रुव, लवकेश कुमार ध्रुव, प्रकाश सोनी, अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग शहर प्रफुल्ल गुप्ता, तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार, सभी नायब तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख, सभी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख उपस्थित थे।

### एग्रीस्टैक में किसानों का पंजीयन आवश्यक, सुनिश्चित कराने के निर्देश

स्वामित्व योजना के तहत 239 ग्रामों में मैप सुधार, अंतिम प्रकाशन और अधिकार अभिलेखों के वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। वहीं एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री, एक्सेम्प्टेड कैटेगरी तथा लंबित बकेट क्लेम पंजीयन शीघ्र पूरा करने को कहा गया। यदि किसी कृषक द्वारा बकेट क्लेम पंजीयन कराने से मना किया जाता है, तो उनसे लिखित में लेकर पंचनामा तैयार करने को कहा है। कलेक्टर ने भारतमाला परियोजना और रेलवे भू-अर्जन से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि भुगतान तथा भारतमाला परियोजना अंतर्गत अवार्ड पारित प्रकरणों में रिकार्ड अद्यतन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। 31 जुलाई तक प्रत्येक ग्रामों का अवार्ड पारित की प्रक्रिया पूर्ण करने को कहा है। सहमति आधारित भूमि क्रय, भू-आबंटन, जाति प्रमाण पत्र, प्राकृतिक आपदा सहायता, ई-डिस्ट्रिक्ट लोक सेवा गारंटी, डिजिटल हस्ताक्षर, डिजिटल किसान किताब, नजूल प्रकरण, नक्शा बंटांकन और वृक्ष कटाई से संबंधित लंबित आवेदनों का भी शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

# भिलाई, रिसाली, भिलाई चरोदा और जामुल में वार्ड आरक्षण प्रकिया जल्द

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि प्रकरणों के निराकरण में कार्यदक्षता एवं पारदर्शिता बढ़ाने शासन द्वारा ई-ऑफिस प्रक्रिया लागू की गई है। प्रक्रिया के अंतर्गत मूल्यांकन पश्चात उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विभाग के अधिकारी-कर्मचारी को मंत्रालय स्तर पर पुरस्कृत किया जा रहा है। यह व्यवस्था अब जिलों में भी अगस्त माह से ई-फाईलों की मॉनीटरिंग के साथ प्रारंभ की जाएगी। मूल्यांकन पश्चात जिला स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विभागीय अधिकारी-कर्मचारी पुरस्कृत होंगे। कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में उक्त बातें कहीं। उन्होंने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों के संबंध में विभागवार गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि ई-ऑफिस में फाईलों को अनावश्यक रूप से लंबित ना रखे तथा आवश्यकतानुसार क्लोज एवं पार्क विकल्प का उपयोग कर उनका नियमित प्रबंधन सुनिश्चित करें। ई-ऑफिस से संबंधित फाईलें 31 जुलाई तक क्लोज कर लेने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों की आधार बेस अटेंडेंस पर जोर देते हुए सभी कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा आगामी माह से वेतन भुगतान आधार बेस अटेंडेंस पर निर्धारित करने का विचार किया जा रहा है।

### निकाय उपलब्ध कराएं जानकारी

कलेक्टर ने आगामी दिनों में नगर निगम रिसाली, भिलाई एवं भिलाई-03 चरौदा तथा नगर पालिका जामुल में होने वाले चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिला एवं सांख्यिकी अधिकारी को वार्ड आरक्षण के संबंध में आवश्यक जानकारियां संबंधित नगरीय निकायों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को संबंधित क्षेत्र के किसानों को मुआवजे के लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने सीएमएचओ से आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदन योजना के कार्यों की जानकारी ली। साथ ही छुटे हुए लोगों की सूची मिलान कर स्वास्थ्य अमले को लोगों से डोर-टू-डोर संपर्क कर लक्ष्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। समग्र शिक्षा के तहत स्वीकृत निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने, स्कूलों में बाउन्ड्रीवॉल निर्माण तथा जर्जर स्कूलों को डिस्मेंटल कराने आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि विभागों को आबंटित भूमि, भू-अर्जन पश्चात विभाग के नाम से पंजीकृत होनी चाहिए।

## जनसमस्याओं की शीघ्र निराकरण को लेकर जोन आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**भिलाई।** वार्ड 28 की विभिन्न जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिक निगम भिलाई, जोन-2 के आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

भारतीय जनता युवा मोर्चा भिलाई जिला अध्यक्ष सौरभ जयसवाल के मार्गदर्शन में सौंपे गए ज्ञापन में वार्ड की प्रमुख समस्याओं जैसे सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही प्रशासन से आग्रह किया गया कि वार्डवासियों की समस्याओं का 15 दिनों के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। यदि निर्धारित समयावधि में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो जनहित में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। भाजयुमो के जिला प्रशिक्षण प्रमुख सत्यम यादव ने कहा कि वार्ड 28 की जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान रतन शर्मा, राज मिश्रा, परमजीत सिंह, नितेश चौहान, प्रकाश मिश्रा, राहुल कुमार, अक्षय, शुभम साह सहित भारतीय जनता पार्टी और भारतीय जनता युवा मोर्चा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जनदर्शन में शिकायतों व मांगो के निराकरण के लिए अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आम नागरिकों की समस्याओं, मांगों और शिकायतों का समयबद्ध व त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। निर्देशानुसार सभी संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक बुधवार पूर्वाह्न 10:45 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इस हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ज़िम्मेदारी सौंपी गई है, जिनमें पुलिस विभाग द्वारा नामित अधिकारी, नगर निगम भिलाई के अपर आयुक्त राजेन्द्र दोहरे, नगर निगम दुर्ग के सहायक अभियंता संजय ठाकुर, खाद्य विभाग की सहायक खाद्य अधिकारी शशि सिंह, श्रम विभाग की श्रम निरीक्षक सोनम पटेल, भू-अभिलेख के सहायक अधीक्षक आलोक शुक्ला, नगर निगम रिसाली के सहायक राजस्व



निरीक्षक योगेश सुरे, जिला पंचायत के आवास समन्वयक वेद देवांगन तथा समाज कल्याण विभाग के प्रमुख कलाकार जंतराम ठाकुर को विशेष रूप से जनदर्शन हेतु नामांकित व निर्देशित किया गया है।

ज्ञात हो कि जिला कार्यालय, दुर्ग के सभाकक्ष में प्रत्येक बुधवार को प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जहा जिले के नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। प्राप्त आवेदनों की वस्तुस्थिति की सही जानकारी और त्वरित समाधान के उद्देश्य से संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जनदर्शन में उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

## बीएसपी में एआई कैटेलिस्ट क्विज, डिजिटल परिवर्तन को प्रोत्साहन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन–ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) में तिमाही बोनांजा क्विज क्वेस्ट ऑन का आयोजन किया गया। एआई कैटेलिस्ट थीम पर आधारित इस प्रतियोगिता में संयंत्र के विभिन्न विभागों से 110 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। महाप्रबंधक प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित भी उपस्थित थे।

प्रतियोगिता का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक ऐमन अली तथा वरिष्ठ प्रबंधक (मैकेनिकल सर्विसेज) हिमांशु वर्मा ने किया। इंटरैक्टिव ऑडियंस




राउंड्स ने प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के साथ दर्शकों की भीभागीदारी रही। प्रथम पुरस्कार वरिष्ठ प्रबंधक निवेश विजयन व एए गरेश कोडुरु की टीम ने प्राप्त किया। द्वितीय सहायक महाप्रबंधक आशीष अग्रवाल और उप प्रबंधक निखिल आहूजा की टीम वतृतीय पुरस्कार वरिष्ठ प्रबंधक सुधांशु जमवाल एवं वरिष्ठ प्रबंधक नागेश्वर राव एन की टीम ने प्राप्त किया। विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया।

पवन कुमार ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस औद्योगिक कार्यप्रणाली में व्यापक परिवर्तन का माध्यम बन रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि संयंत्र में प्रत्येक तिमाही एक विशेष एआई इनोवेशन पहल प्रारंभ की जाए, जिसके अंतर्गत कर्मचारी कार्यस्थल पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यावहारिक उपयोग से संबंधित अपने नवाचार एवं सुझाव प्रस्तुत करें। कार्यक्रम मे उप महाप्रबंधक नीरजा शर्मा व उप प्रबंधक सुष्मिता पाटला द्वारा किया गया।

## शिक्षा का निजीकरण नहीं करने की मांग

# सिविक सेंटर चौक में एसएफआई ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

देश में शिक्षा बचाने और छात्र दमन के खिलाफ आज स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एसएफआई द्वारा सिविक सेंटर, छोटा परिवार चौक में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में केंद्र सरकार की छात्र-विरोधी और शिक्षा-विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया और शिक्षा का निजीकरण नहीं कर राष्ट्रीय शिक्षा नीति रद्द करने की मांग गई।

रदर्शन में एसएफआई नेताओं ने कहा कि दिल्ली में छात्रों की लड़ाई मात्र परीक्षाओं में लीक का नहीं हैं बल्कि इस देश की शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार, लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और छात्रों के




भविष्य को बचाने के लिए छिड़ा संघर्ष है, जो लगातार आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को तत्काल रद्द किया जाना चाहिए, क्योंकि यह देश की बुनियादी एवं समान शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने और शिक्षा को निजी हाथों में सौंपने का रास्ता खोलती है। सरकार शिक्षा पर बजट लगातार कम करने के बजाय सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करे। बढ़ती फीस पर रोक लगाई जाए और शिक्षा को मुनाफे का कारोबार बनाने के बजाय हर छात्र के लिए सुलभ और गुणवत्तापूर्ण बनाया जाए।

### छात्रों के मुकदमे वापस हो

एसएफआई नेता अर्चना ध्रुव ने कहा कि जब देश के छात्र अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए आंदोलन कर रहे हों, तब उन पर ए के-47 जैसे हथियारों और पेलेट गन का इस्तेमाल किसके आदेश पर किया गया? सरकार यह भी स्पष्ट करे कि ये हथियार देश के छात्रों पर चलाए जा रहे थे या सीमा पर दुश्मनों के खिलाफ। क्या पुलिस व सरकार को अपने ही देश के छात्रों और सीमा पार के दुश्मनों में अंतर समझ में नहीं आता। प्रदर्शन के दौरान पुलिस के साथ सिविल ड्रेस में मौजूद वे लोग कौन थे, जिनके हाथों में पुलिस की लाठियों के बजाय भारी लठ दिखाई दे रहे थे। छात्र संगठन ने मांग की कि सरकार आंदोलन के दौरान छात्रों पर मुकदमे वापस लो, बातचीत का रास्ता अपनाओ।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधारोपण

**ओखरा ( मुरमुन्दा )।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित पाहरा में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें जनपद सदस्य रंजना मनहर, उमेश साहू ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दुर्गेश खिचरिया, समिति प्रबंधक भूषण निषाद, समिति प्रबंधक मोहरेंगा कृष्णकुमार सिन्हा, समिति कर्मचारी नीलकंठ साहू, तुमन साहू, डागेश पाल, भूपेन्द्र मंडावी, कृषक मोहन मनहर एवं अन्य कृषक गण उपस्थित रहे।

### उत्तम बने सतनामी समाज मुरमुन्दा परिक्षेत्र के अध्यक्ष



**ओखरा मुरमुन्दा।** सतनाम युवा संगठन समिति मुरमुंदा परिक्षेत्र का अध्यक्ष का चुनाव हुआ अध्यक्ष के लिए चार लोग मैदान में थे जिसमें से अध्यक्ष के लिए उत्तम सिंह जोशी नचुनाव जीत कर सतनाम युवा संगठन समिति मुरमुन्दा परिक्षेत्र अध्यक्ष बने। इसके बाद बचे पदों पर सर्वसहमति से जवाबदारी दी गई। इनमें उपाध्यक्ष सनत डहरिया (अछोटी), उपाध्यक्ष-कल्याण बर्रे (लहंगा), उपाध्यक्ष खिलेश्वरी टंडन (खपरी), कोषाध्यक्ष अश्वनी कुमार कुर्रे (ढौर), सचिव छबिलाल बंजारे (करही डीह), सह सचिव -मुकेश कुमार बर्रे (लहंगा), महासचिव सनिल जोशी (मुरमुंदा), मीडिया प्रभारी -अशोक आडिल (ओखरा) शामिल हैं। आयोजन में बी एल कुर्रे (संरक्षक), केके जोशी, पूर्व अध्यक्ष रामस्वरूप चतुर्वेदी, महेश रात्रे, बसंत गायकवाड, कल्याण बर्रे, उत्तम जोशी, पवित्र गेंडरे, राजेश्वर गायकवाड, अश्वनी कुर्रे, छबीलाल बंजारे, प्रमोद कुर्रे, टिकेंद्र कुर्रे,मोहित खरे,संतोष कुर्रे,राजेंद्र बंजारे,भोजराम पाटले,सनत डहरिया, सनिल जोशी, रवि बांधे, धनुष बघेल, सतीश जोशी, सतवन दास, शैल बंजारे, शांति लाल गायकवाड,अंजोर दास, खिलेश्वरी टंडन, अंकलहू मारकांडे, नरेश बारले, इतवारी मधुकर, भंवर सिंह डहरिया, मनोहर जोशी, मुकेश बर्रे, विष्णु मधुकर भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### लक्ष्मी बाई केलकर की जयंती मनाई

**कुम्हारी।** राष्ट्रनेत्री लक्ष्मीबाई केलकर की जयंती सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल कुम्हारी में मनाई गई। सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष निश्चय बाजपेई उनके जीवन पर सारगर्भित व्याख्यान देते हुए कहा कि राष्ट्र सेविका समिति की आद्य प्रमुख संचालिका लक्ष्मीबाई केलकर ने जन्म लेकर अपने जीवन चरित्र से दिशा दर्शन दिया है। उन्होंनें अपने कृतित्व से दिखा दिया कि एक शक्तिशाली स्त्री चाहे तो अपने संकल्प शक्ति से समाज और राष्ट्र को उचित दिशा मे मोड़ सकती है। ₹एक विशाल महिला संगठन राष्ट्र सेविका समिति जिसकी स्थापना 1936 के विजयादशमी के दिन हुई।



## निधन

### बसंत कुमार मोदी



**दुर्ग।** मोदी स्टोर के संचालक बसंत कुमार मोदी निवासी आर्य नगर दुर्ग निवासी का निधन हो गया। अंतिम यात्रा 30 जुलाई गुरुवार सुबह 11.30 बजे निकाली जाएगी। वे नाकेश मोदी और विकेश मोदी के पिता थे।

### निखिल बिजौरा



**भिलाई।** रायपुर डगनिया निवासी निखिल बिजौरा (45 वर्ष) का बेंग्लुरु में दुखद निधन हो गया। वे गोपाल बिजौरा के जयेष्ठ पुत्र थे। बुधवार को उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम अटारी में किया गया।

## गुरु पूर्णिमा पर यज्ञ, पूजन और भंडारे का आयोजन

# गुरु की महत्ता का किया बखान, ग्रामीण अंचल में भक्ति के माहौल में हुए आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। निकुम

गायत्री शक्तिपीठ निकुम में आचार्य श्रीराम शर्मा के द्वारा विराजित मां गायत्री मंदिर निकुम में गुरु पूर्णिमा का शुभारंभ सामूहिक गायत्री महामंत्र जप के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने तीन कुण्डीय यज्ञ कर सबके उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की। पंच राम देशमुख ने कहा कि जीवन में गुरु का होना जरूरी है, क्योंकि गुरू ही मकड़ी के माया जाल में फंसे जीव को मोक्ष की कुंजी है।

निकुम ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य चिमन देशमुख ने कहा कि गुरुपूर्णिमा पर गुरु कार्य और मिशन के विचार क्रांति अभियान के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यज्ञीय वातावरण में गुरु दीक्षा सहित कई संस्कार भी संपन्न हुए। यज्ञ के उपरांत श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद (भंडारा) प्राप्त किया। देर शाम भजन संध्या का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस आयोजन में संगीतमय टोली प्रज्ञा पुत्र हेमराज निर्मलकर, ध्रुव, निखिल साहू, ओम प्रकाश साहू, मकसूदमन अमृत, भूपत सिंह साहू, किशुन लाल, गिरधर लाल चंद्राकर, जमुना बाई देशमुख, उमा अमृत, ईश्वरी साहू , कुंती बाई और देवबती देशमुख सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सामूहिक गायत्री मंत्र जाप सहित निभाई कई धार्मिक रस्में



### गुरु अपना सर्वत्र न्योछावर कर हमें कामयाब बनाने अपना जीवन समर्पित कर देते है: महल्ला



**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव-आर में गुरू पूर्णिमा बुधवार को डॉ हेडगेवार सदन में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि आरएसएस के समग्र विकास ज दुर्ग जिला प्रमुख हलधर महमल्ला थे। अध्यक्षता प्राचार्य पूरन लाल बारले ने की। गुरुपूर्णिमा में कार्यालय प्रमुख हथेश्वर साहू, उपप्राचार्य लिकेश्वर साहू, धनेश्वरी साहू, प्रीति साहू, सुनीता सेन,शशि यादव, कविता साव, प्रीति कोसरे मानसी यादव , नम्रता पटेल, योगिता साहू, निखलेश साहू, प्रियंका साहू सहित विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी एवं विद्यार्थी विशेष रुप से उपस्थित रहे। प्रारंभ में सबने गुरु की पूजा की। इस अवसर पर आरएसएस समग्र विकास दुर्ग जिला प्रमुख हलधर महल्ला ने कहा कि गुरु की महिमा अपरम्पार है सदगुरु जिनको मिल जाए उनका जीवन का उद्धार है बिना गुरु जीवन बेकार है। प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक जो समझ शक्ति मिलती है वह गुरु की देन होती है।

### कुथरेल में हुआ गायत्री महायज्ञ



**अंडा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर कुथरेल में विविध आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातःकाल जप-ध्यान के पश्चात एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। यज्ञ का संचालन चैतराम चंद्राकर एवं दुलारी देवांगन ने किया। कार्यक्रम में यशवंत देशमुख, प्रेमलाल देशमुख, संतोष देवांगन, कुंती देशमुख, गीता दीदी, गंगा सिन्हा, मेनका देशमुख, कचरी यादव, तुलसी साहू, देविका सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने किया गुरुओं का सम्मान



**अंडा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम-अंडा स्थित सनराईज पब्लिक स्कूल में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। यहां विद्यार्थियों ने शिक्षकों को तिलक लगाकर, श्रीफल और पेन सहित अन्य सामग्री भेंट कर की। इसके बाद विद्यालय परिसर में गुरु महिमा पर आधारित भाषण, कविता पाठ और दोहा गायन का आयोजन हुआ। विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने बताया कि इस तरह के आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी में गुरु-शिष्य परंपरा और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को जीवित रखना है। कार्यक्रम में सभी शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# कृषि, ग्रामीण विकास और शिक्षा के क्षेत्र में याद किया गया बेलचंदन का योगदान




हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंडा

शिक्षा, समाज सेवा एवं ग्राम विकास के अग्रदूत स्व. दाऊ कुर्मी प्यारेलाल बेलचंदन की 99 वीं जयंती सेजेस दाऊ कुर्मी स्व. प्यारे लाल बेलचंदन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गांधी ग्राम तिरगा में मनाई गई। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, समाजसेवियों, पालकों, विद्यार्थियों एवं आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. दाऊ कुर्मी प्यारेलाल बेलचंदन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन थे। अध्यक्षता जनपद पंचायत सदस्य दामिनी मुकेश साहू ने की। विजय दिल्लीवार वर्धमान (शिक्षक) मोहनलाल हरमुख पूर्वजनपद दुर्ग विशिष्ट अतिथियों में सेवा दल के जीवित एकमात्र सदस्य गुहाराम देशमुख, स्व. दाऊ कुर्मी प्यारेलाल बेलचंदन के सुपुत्र एवं किसान संगठन के पूर्व अध्यक्ष गोपेन्द्र किशोर बेलचंदन, सरपंच घसियाराम देशमुख, बसंती निषाद तथा नेमीन खुटेल उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि स्व. दाऊ कुर्मी प्यारेलाल बेलचंदन का जीवन शिक्षा, सेवा, पर्यावरण संरक्षण और ग्राम विकास को समर्पित रहा। गोपेन्द्र किशोर बेलचंदन ने कहा कि उनके पिता ने शिक्षा, ईमानदारी और जनसेवा को सर्वोच्च स्थान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को संस्कार और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए विद्यालय के भोजन परोसने के लिए थालियों की व्यवस्था हेतु 25,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की।

साहित्यकार एवं भूतपूर्व शिक्षक विजय दिल्लीवार ने दाऊजी के व्यक्तित्व और समाज निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा भूतपूर्व शिक्षकों हीरालाल दिल्लीवार, अभयराम बेलचंदन, सुरेश ऋषि एवं विजय दिल्लीवार और विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में पालक समिति के अध्यक्ष युवराज देशमुख, संकुल प्रभारी रघुनाथ देशमुख, पूर्व जनपद सदस्य मोहनलाल हरमुख, सरपंच तिरगा घसिया राम देशमुख, सरपंच झोला बंसती निषाद, सरपंच भोथली नेमीन खुटेल, टीकू दिल्लीवार, ऐमन देशमुख, भूपेंद्र बेलचंदन (सांसद प्रतिनिधि), परसराम देशमुख, गैंदालाल देशमुख, बिसौव देशमुख, नंद कुमार देशमुख, विनय ठाकुर, सूरज देशमुख, वीरेंद्र निषाद, नंदलाल देशमुख, पूर्व सरपंच नंद कुमार देशमुख, फिरोज बेलचंदन, दयाराम दिल्लीवार, महेश कुमार बेलचंदन, श्यामू देशमुख, मोहन देशमुख देवीसिंह ठाकुर सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्टाफ, पालकगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



### श्रद्धा, सम्मान एवं देशभक्ति के भाव के साथ मनाया कारगिल विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुम्हारी

विचक्षण जैन विद्यापीठ, कुम्हारी में कारगिल विजय दिवस अत्यंत गरिमामय एवं देशभक्ति वातावरण में मनाया गया। प्राचार्य ए. पी. सिंह ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कारगिल के वीर शहीदों के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रसेवा की भावना को स्मरण । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओ. पी. सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अखिलेश सिंह ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधनों में कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के शौर्य एवं बलिदान को नमन करते हुए विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन एवं सेवा-भाव विकसित करने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नाट्य मंचन, हिंदी कविता पाठ, अंग्रेजी भाषण एवं मनमोहक समूह नृत्य ने उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं दर्शकों को भावविभोर कर दिया। संपूर्ण परिसर देशभक्ति के नारों और उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने कारगिल के अमर वीरों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान को सदैव स्मरण रखने का संकल्प लिया।

### याद किया कारगिल विजय के जवानों का शौर्य



**कुम्हारी।** स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में देश के वीर शहीदों के अदम्य साहस, त्याग एवं राष्ट्रभक्ति को समर्पित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सोनिता सत्संगी ने कहा कि, यह दिवस केवल विजय का उत्सव नहीं बल्कि मातृभूमि की रक्षा हेतु अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता, श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त करने का पावन अवसर है।₹ सहायक प्राध्यापक डॉ. मौसमी राय ने कारगिल विजय दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर तथा मुकेश कुमार ने 'ऑपरेशन विजय' पर संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए देशभक्ति, वीरता एवं राष्ट्र सेवा पर अपने विचार व्यक्त किए।

## सीएमओ को सौंपा 5 सूत्रीय मांग पत्र

# पाटन की समस्याओं को लेकर पार्षदों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पाटन

पाटन नगर पंचायत क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं और बुनियादी सुविधाओं की बदहाली को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सक्रियता दिखाई है। बुधवार को नेता प्रतिपक्ष आभास दुबे के नेतृत्व में वार्ड पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत कुमार वर्मा को 5 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान का आग्रह किया है सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं पर केंद्रित ज्ञापन

पार्षदों ने ज्ञापन के माध्यम से नगर की प्रमुख आवश्यकताओं की ओर प्रशासन का ध्यान दिलाया। उन्होंने बताया कि इंडोर स्टेडियम में चौकीदार की तैनाती न होने से तोड़े गए दरवाजों व चोरी हुए उपकरणों का



रखरखाव आवश्यक है। इसके साथ ही, पाटन के सभी 15 वार्डों तथा राजीव सरोवर परिसर में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को चालू कराने की मांग की गई, ताकि बारिश के मौसम में आम नागरिकों को आवागमन में असुविधा न हो।

इंडोर स्टेडियम में सुरक्षाः स्टेडियम में नियमित चौकीदार की नियुक्ति की जाए तथा क्षतिग्रस्त दरवाजों और व्यवस्थाओं को सुधारा जाए। राजीव सरोवर में प्रकाश व्यवस्थाः राजीव सरोवर परिसर की बंद पड़ी लाइटों को दुरुस्त कर परिसर में पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित की जाए। मानसून के दौरान नागरिकों की सहूलियत के लिए सभी वार्डों की बंद पड़ी लाइटें अविलंब चालू की जाएं। सार्वजनिक पार्कों में नामांकित चौकीदारों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पार्षदों ने प्रशासन से 15 दिनों के भीतर इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष आभाश दुबे, पार्षद दीपक यादव पार्षद डॉ. वीरेंद्र कौशिश पार्षद सरजू अनीता साहू पार्षद पुरुषोत्तम कश्यप सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अंचल की खबरें

### कबीर आश्रम में किचन शेड निर्माण का भूमिपूजन



**अण्डा।** 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत ग्राम परसदा स्थित कबीर आश्रम में वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं किचन शेड निर्माण का भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल चंद्राकर थे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू की अनुशंसा पर जनपद पंचायत सभापति गुलशन साहू ने कबीर आश्रम के मुख्य द्वार निर्माण के लिए 1 लाख तथा जिला पंचायत बालोद की सभापति कांति सोनेश्वरी ने आश्रम की बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए 2 लाख की घोषणा की। इस अवसर पर समाजसेवी नीलम दास साहू, सरपंच ग्राम पंचायत परसदा सरपंच सत्यवती साहू, दुष्यंत हिरवानी, बंशीलाल साहू, केवल सिंह साहू, पूर्व सरपंच यशवंत साहू, उपसरपंच हिलेश्वर साहू, राहुल शर्मा, देवकुमार साहू, अजय साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में कबीर आश्रम के महंत पंचमदास साहेब ने आभार व्यक्त किया।

### नीट उत्तीर्ण करने पर कंचन का सम्मान



**भिलाई।** अत्यंत अभावों में जन्म लेकर भी अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर कुमारी कंचन बंजारे ने नीट की परीक्षा में 476 अंको से उत्तीर्ण की। शिरोमणि संत अमरदास सेवा समिति सुपेला द्वारा कंचन का सम्मान किया गया। एन आर गिलहरे ने बताया कि प्रतिभा गरीबी की मोहताज नहीं होती। यह कथन कंचन ने नीट उत्तीर्ण कर साबित की है। गौरतलब है कि कंचन की माता एक प्राइवेट डियागोनिस सेंटर में अटेंडेंट का काम करती है। एसआर नवरंगे, गजानन जांगड़े, राजेश टंडन, इंद्र कुमार मात्रे, तामेश्वर महेश्वरी, महेश गायकवाड, भोला जोशी, विष्णु बंजारे, ब्रिज टंडन, शैलेंद्रदी मात्रे, चंदा बाई आदि उपस्थित थे।

### दीपमाला को मिला राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान



**सेलूद।** सेलूद समीपस्थ ग्राम फेकारी निवासी पं चेला दास वैष्णव भागवताचार्य की बेटी दीपमाला वैष्णव को राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत के तहत शासकीय प्राथमिक शाला कोण्डागांव मे राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विमतरा भवन शांति नगर रायपुर में आयोजित एक समारोह में स्वर्गीय हरिवंश मिश्र की स्मृति में उनके पुत्र द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ हिमांशु द्विवेदी प्रधान संपादक हरिभूमि रहे, वहीं अध्यक्षता प्रख्यात शिक्षाविद् संजय अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ चितरंजन दास, डॉ प्रज्ञा सिंह राष्ट्रपति सम्मानित शिक्षिका उपस्थित थे।

### सादे समारोह के रूप में हुई शादी



**सेलूद।** जिला दुर्ग के पाटन क्षेत्र में जगतगुरु संत रामपाल जी महाराज के सानिध्य में आयोजित सत्संग एवं एक जोड़ा दहेज मुक्त रमेणी (शादी) का आयोजन किया गया। इस विवाह में वर रूपेंद्र साहू पिता विनय साहू ग्राम कोंडागांव जिला कांकेर और वधू वामिनी साहू माता श्रीमती टुमेश्वरी साहू पता - ग्राम रीवागहन पाटन, जिला दुर्ग से प्रणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर संत ने उनकी मुहिम को याद किया गया जिसमें अन्नपूर्णा मुहिम प्रमुख है। इस सत्संग एवं सादगी पूर्ण विवाह में दुर्ग जिले के कई पदाधिकारी और गणमान्य गढ़ उपस्थित थे।

### पौध रोपण पहल : धान खरीदी केंद्र में रोपे पौधे



**सेलूद।** खबरनामा ग्रुप (पाटन विधानसभा) द्वारा चलाए जा रहे ₹जन्मदिन पर पौधरोपण₹ अभियान के तहत आज धान खरीदी केंद्र सेलुद परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोपेश साहू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने मिलकर चीकू के फलदार पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। खबरनामा ग्रुप की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए उपस्थित अतिथियों ने कहा कि अपने खास दिनों, विशेषकर जन्मदिन पर पौधे लगाना समाज और आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतरीन संदेश है। इस प्रकार के प्रयासों से न केवल हरियाली बढ़ेगी बल्कि पर्यावरण संतुलन भी बना रहेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत सेलुद के सरपंच खिलेश मारकंडे, सेलुद उपसरपंच राकेश साहू, चुनकट्टा उपसरपंच अजय राजपूत, कौशल बनपेला, बलराम वर्मा, भेषनारायण सेन, नीरज साहू, खपरेल साहू, वेदप्रकाश रजक, भूषण ठाकुर, बलीराम साहू, चंदू ठाकुर, सत्यम साहू, प्रशांत साहू, तेखन साहू, उमाशंकर ठाकुर, पुष्कर वर्मा एवं चंद्रिका सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पौधे वितरित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**अण्डा।** ग्राम पंचायत सिरसिदा में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय विद्यालय में पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच सरस्वती इन्द्रजीत चंद्राकर ने विद्यालय के शिक्षकों को पौधे वितरित किए। सरपंच सरस्वती इन्द्रजीत चंद्राकर ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। शिक्षकों ने सरपंच का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### बेटा बहू से मुझे बचाव उनसे मुझे जान का खतरा



**भिलाई।** मकान निर्माण करने के लिए उधार रूप में पांच लाख रुपए लिया गया। निर्माण पूर्ण होने के बाद उधार की रकम को आज तक नहीं लौटाया गया। रकम मांगने पर मारपीट कर विवाद किया जाता है। यह बातें दुर्गा पारा लक्ष्मी नगर सुपेला निवासी रमशीला साहू ने पुलिस को दी शिकायत में अपने बेटा और बहू के खिलाफ कहीं। उन्होंने आरोप लगाया है कि चमन लाला साहू और उसकी पत्नी धनेश्वरी साहू दोनों मिलकर जान से मारने की धमकी देते हैं। वर्ष 2023 में दोनों के खिलाफ सुपेला पुलिस थाने में अपराध दर्ज कराई थी। सुपेला पुलिस ने मामले को न्यायालय भेज दिया। न्यायालय ने आदेश दिया कि चमन लाल साहू, ऋषि कुमार साहू को पीड़िता रमशीला साहू को भरण पोषण के लिए 4 हजार रुपए प्रतिमाह 10 तारीख को भुगतान करेगें। पीड़िता रमशीला साहू ने बताया कि आज तक रकम नहीं दी गई, बल्कि धमकी देकर मारपीट की जाती है।

### डराने-धमकाने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रामनगर मुक्तिधाम तालाब के पास एक युवक हाथ में धारदार हथियार लेकर राहगीरों और लोगों डरा-धमका रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। इस दौरान पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे आरोपी शांति नगर, सड़क 28 वैशाली नगर नीरज रंगारी उर्फ बुचवा को पकड़ा गया। दूसरी घघटना उतई थाना क्षेत्र का है जहां मचांदुर चौकी ग्राम बोरीगारका में घेराबंदी कर ग्राम मातरोडीह निवासी जितेन्द्र कुमार साहू और ग्राम मातरोडीह शैलेन्द्र कुमार निषाद को पकड़ा गया। तीनों के पास से धारदार हथियार जब्त किया गया है।

# तीन प्राचार्य गैरहाजिर, कक्षा को बनाया स्टॉफ रूम बरामदे में पढ़ रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए जिले के प्राचार्यों की बैठक पिछले दिनों संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग शिक्षा डॉ. केवीके राव ने ली थी। बुधवार को अपने दिए गए निर्देशों का कितना पालन हो रहा है इसकी मैदानी स्थिति का अवलोकन करने स्कूलों में औचक निरीक्षण किया। हाल यह है कि तीन स्कूलों के प्राचार्य ही गैरहाजिर मिले और शिक्षकों की उपस्थिति पंजी एवं ऑनलाइन अवकाश के अभिलेखीकरण में त्रुटियां पाए जाने जैसी कमियां भी सामने आईं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उतई के प्राचार्य चन्द्रकिरण साहू, बिना किसी सूचना के विद्यालय में अनुपस्थित पाए गए। इन अनियमितताओं के संबंध में चन्द्रकिरण साहू, शा.उ.मा.वि. उतई, सरला राणे, प्राचार्य, सेजेस उतई और पी.एल.सिन्हा प्राचार्य सेजेस पाटन को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर नियमानुसार स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

## संयुक्त संचालक डॉ. राव के औचक निरीक्षण में मिली इस तरह गड़बड़ी

### बरामदे में बारहवीं की क्लास और कक्षा बना स्टॉफ रूम

जेडी डॉ. राव ने विद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। जिसमें कुछ विद्यालयों में विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के ब्लूप्रिंट एवं परीक्षा प्रारूप की समुचित जानकारी नहीं दिए जाने और कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को बरामदे में बैठाकर कक्षा संचालित की जा रही थी। अध्यापन कक्ष को शिक्षकों के बैठने के लिए स्टॉफ रूम के रूप में उपयोग किया जा रहा था।



### विद्यार्थियों से सीधे किया संवाद

निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद करते हुए उन्हें नियमित अध्ययन, समयबद्ध पुनरावृत्ति, बोर्ड परीक्षा के ब्लूप्रिंट एवं परीक्षा पैटर्न का गंभीरता से अध्ययन करने, प्रत्येक विषय का दैनिक अभ्यास करने तथा शिक्षकों से अपनी शंकाओं का तत्काल समाधान प्राप्त करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सफलता का आधार नियमित उपस्थिति, अनुशासित अध्ययन, आत्मविश्वास तथा निरंतर अभ्यास है।

### स्कूलों को दिए ये निर्देश

संयुक्त संचालक ने शिक्षकों को भी निर्देशित किया कि वे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अध्यापन सुनिश्चित कराते हुए प्रत्येक छात्र की शैक्षणिक प्रगति पर सतत निगरानी रखें, बोर्ड परीक्षा की समुचित तैयारी सुनिश्चित करें तथा विद्यालय में सकारात्मक एवं अध्ययन-अनुकूल वातावरण निर्मित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा विभाग का उद्देश्य केवल निरीक्षण करना नहीं, बल्कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उत्तरदायी एवं परिणामोन्मुख शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है। विद्यालयों में पाई गई कमियों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित कराया जाएगा तथा भविष्य में भी इस प्रकार के आकस्मिक निरीक्षण निरंतर जारी रहेंगे।

## बुधवार की रात और गुरुवार को हुई जिले में बारिश से खेत हुए लबालब

# 20 साल की औसत बारिश के करीब पहुंचा दुर्ग जिला, शिवनाथ नदी 4 फीट उफान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बुधवार की रात और गुरुवार को हो रही लगातार बारिश ने पिछले 20 साल के औसत बारिश के करीब दुर्ग जिले को ला दिया है। 20 साल पहले 29 जुलाई की स्थिति में 473.3 मिलीमीटर बारिश हुई थी। वर्तमान में 467.2 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। यानी 6.1 मिलीमीटर कम बारिश हुई है जो सामान्य बारिश की हिसाब से केवल 1 मिलीमीटर कम है। पिछले 24 घंटे में दुर्ग जिले में 211 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। खास बात यह है कि दुर्ग का शिवनाथ नदी स्थित महमरा एनीकट दूसरी बार ऊफान पर है और यहां पानी साढ़े 4 फीट ऊपर हो गया है। जबकि यहां पानी इस बार दूसरे बांधों से छोड़ा नहीं गया है यानी स्थानीय बारिश का यह प्रभाव है।

**इस सीजन में अब तक हो चुकी 467.2 मिलीमीटर बारिश**



### इस तरह द्रोणिकाएं हैं सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक एक गहरा अवदाब मध्य छत्तीसगढ़ और उससे लगे अंदरुनी उड़ीसा के ऊपर स्थित है। इसके लगातार पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए अगले 24 घंटे में छत्तीसगढ़ पार करके पूर्वी मध्य प्रदेश पहुंचने की संभावना है। मानसून द्रोणिका श्रीगंगानगर, भिवानी, ग्वालियर, सीधी गहरा अवदाब का केंद्र, पूरी और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है तथा यह 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व पश्चिम हवा का शियर जोन 23 डिग्री उत्तर में 3.1 कम से 7.6 कम ऊंचाई तक विस्तारित है।

### सबसे ज्यादा बारिश पाटन ब्लॉक में

मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार को दुर्ग जिले में सबसे ज्यादा बारिश पाटन ब्लॉक में दर्ज की गई है। पाटन ब्लॉक में 66.5 मिलीमीटर बारिश हुई है। भिलाई में 54.5 मिलीमीटर, दुर्ग में 21.6 मिलीमीटर, धमधा में 15.5 मिलीमीटर, बोरी में 20.0 मिलीमीटर और अहिवारा तहसील में 32.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

### आज भी भारी बारिश के हैं हालात

मौसम विभाग ने 30 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दुर्ग संभाग के जिले तथा बिलासपुर संभाग के पश्चिमी जिले संभावित है।

### खेतों में भरा लबालब पानी

दो दिनों की अच्छी बारिश ने किसानों के चेहरे पर खुशी ला दी है। खेतों में बियासी और रोपाई के लिए पानी का इंतजार किसान कर रहे थे वह अब पूरा हो गया है। खेतों में पर्याप्त पानी भर गया है। दुर्ग जिले में 1.26 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की बोनी की जाती है। जिसमें केवल रोपा सिस्टम का काम ही कुछ शेष रह गया है।

# कब्जा करने खोदी नाली उखड़ा वर्षों पुराना पेड़





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई के जोन-1 अंतर्गत रावणभाठा, सुपेला में निगम ने पहले तो रोड पर अतिक्रमण का हवाला देते हुए साले से स्थापित दुकानों को तोड़ना। अब राजनीतिक दबाव में आकर खुद ही पुरानी नाली से 8 फिट आगे नई नाली बनाकर अतिक्रमण करवा रहा है। लापरवाही का हद इतनी बढ़ गई कि निगम ने नाली बनाने के लिए सालों पुराना पेड़ तक गिरा दिया। अब अधिकारी कह रहे हैं कि पेड़ की जड़े सड़ गई थीं, लेकिन उसके बगल से नाली क्यों बनाई जा रही है इसका जवाब वो नहीं दे पा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार रावणभाठा में नाली निर्माण का कार्य चल रहा है। मंगलवार शाम करीब 5 बजे नाली के लिए खुदाई किए जाने के दौरान पेड़ की जड़ कमजोर हो गई। इसके बाद पेड़ अचानक जड़ समेत उखड़कर बिजली और टेलिफोन के तारों पर जा गिरा। तेज आवाज के साथ बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया घटना की सूचना बिजली विभाग और नगर निगम को दी गई। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद बिजली के तारों से उलझी पेड़ की टहनियों को काटकर स्थिति को नियंत्रित किया। हालांकि पेड़ रातभर टेलिफोन के तारों पर ही लटका रहा। गनिमत रहा कि कोई दुर्घटना नहीं हुआ। बुधवार को ठेकेदार के लोगों ने पेड़ को काटकर हटाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नाली निर्माण के दौरान आवश्यक सावधानी बरती जाती तो यह घटना टाली जा सकती थी। घटना के कारण कई घंटों तक लोगों को बिजली कटौती और यातायात बाधित होने की परेशानी झेलनी पड़ी।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की उड़ी धज्जियां

रावणभाठा, सुपेला में नाली निर्माण के दौरान जड़ से उखड़े वर्षों पुराने पेड़ को बचाने के लिए नगर निगम भिलाई की ओर से कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए। लोगों का कहना है कि मंगलवार शाम हुई घटना के बाद बुधवार सुबह तक निगम की टीम मौके पर नहीं पहुंची। यदि नगर निगम की टीम समय पर मौके पर पहुंचती और विशेषज्ञों की मदद ली जाती, तो पेड़ को सुरक्षित तरीके से हटाकर किसी अन्य स्थान पर लगाया जा सकता था। उनका आरोप है कि पेड़ के संरक्षण के बजाय उसे काटकर हटाने का आसान रास्ता अपनाया गया। लोगों ने इस घटना को शासन के एक पेड़ मां के नाम अभियान से भी जोड़ा।

### पेड़ की जड़ सड़ चुकी थी

" नाली निर्माण पहले से प्रस्तावित था। पेड़ की जड़ सड़ चुकी थी, इसलिए वह गिरा है। ठेकेदार के लोगों ने काटकर उसे हटाया है।

**दिनेश कोसरिया,** आयुक्त जोन-1, नगर निगम भिलाई

### जांच के बाद पता चलेगी सही बात

" नाली आगे से क्यों बनाई जा रही है। पेड़ कैसे गिरा। अतिक्रमण हो रहा है या नहीं इसकी जांच करवाती हूं। उसके बाद यदि गलत पाया गया तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**सुरुचि सिंह,** आयुक्त, नगर निगम भिलाई

# फैक्ट्री संचालक की कार से 4.90 लाख की उठाईगिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दिनदहाड़े कारोबारी की कार का शीशा तोड़कर 4.90 लाख रुपए की उठाईगिरी होने का मामला सामने आया है। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलगांव पुलिस ने बताया कि मकान नंबर 101, बालाजी अपार्टमेंट मुक्त नगर दुर्ग निवासी प्रमोद महेश्वरी का ग्राम कोडहा में देव एग्रो इंडस्ट्रीज के नाम से फैक्ट्री का संचालक है। अपने घर से प्रमोद 4.90 लाख रुपए लेकर कार सीजी 07 सीआर 7983 से निकले थे। रकम एक काले रंग के बैग में रखा गया था। जिस पर जयश्री साल्वेंट्स लिखा था। यह राशि एक पार्टी को भुगतान के लिए दिया जाना था। पोटिया रोड स्थित उत्सव शोरूम के सामने पीडित अपनी कार खड़ा किया। उसे लॉक कर अपनी दूसरी बाइक सीजी 07 सीजी 3359 से नया पारा, दुर्ग चले गए। जहां अपने दोस्त रितेश साहू की बारदाना दुकान पहुंचा। फिर इंदिरा मार्केट स्थित मनमोहन स्वीट्स में चाय पीकर वापस होते समय उत्सव शोरूम के संचालक अमरजीत सिंह का फोन आया।



■ सीसी कैमरे में संदेही कैद

कार का बाईं ओर का अगला शीशा टूटा हुआ है। मौके पर पहुंचने पर प्रमोद ने देखा कि कार से नकदी से भरा बैग गायब मिला। आसपास खोजबीन किया गया नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत की गई। सूचना मिलने पर पुलगांव पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई। जांच के दौरान आसपास के सीसी कैमरों को खंगाला गया। जिसमें फूटेज में एक संदिग्ध बाइक सवार दिख रहा है। पुलिस बाइक सवार का शिनाख्त करने में जुटी हुई है। पुलिस को संदेह है कि कारोबारी के रकम के बारे में उसे पता पहले से था होगा तभी घटना हुआ है। फिलहाल आरोपी पकड़े जाने के बाद ही असली कारण का पता चल पाएगा।

# विभिन्न निर्माण कार्यों, प्रस्तावित स्थल एवं सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुश्री सुरूचि सिंह ने शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों, प्रस्तावित कार्यस्थलों, तालाबों एवं सफाई व्यवस्था सहित आईटीआई में संचालित कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्माण कार्यों को निर्धारित



समय-सीमा में शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही शहर की सफाई व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नियमित

### कालोनी में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

निगम आयुक्त ने कॉलोनी विकास शुल्क मद से अनुष्ठा रेसिडेंसी में कराए जा रहे निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने तथा निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि कॉलोनीवासियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। आयुक्त ने अयप्पा नगर में प्रस्तावित कार्य स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए।

### कोहका आमातालाब के पास सफाई कराने कहा

आयुक्त ने कोहका स्थित आमा तालाब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब एवं उसके आसपास की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेते हुए नियमित साफ-सफाई कराने और स्थल को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 24 फौजी नगर क्षेत्र में भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उन्होंने अधिकारियों को विशेष ध्यान देने तथा कचरा फेंकने एवं डम्प करने वालों के ऊपर बड़ी पेनाल्टी लगाने कहा है। आयुक्त ने आईटीआई परिसर में संचालित कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।

# झूठी गवाही देने बनाया दबाव, फरार दो बदमाशों के खिलाफ फिर हुई शिकायत

**भिलाई।** जमीन हड़पने को लेकर न्यायालय में झूठी गवाही के लिए दबाव बनाने के मामले में प्राणघातक हमला करने वाले दो फरार बदमाशों के खिलाफ एसएसपी से लिखित शिकायत की गई है। करहीडीह दुर्ग निवासी जसवंत साहू ने बताया है कि जिला न्यायालय में लंबित सिविल मामले में झूठी गवाही देने के लिए दबाव बनाकर जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिसमें अशोक सिंह, राजेश सिंह के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर स्वयं को पुलिस सुरक्षा देने की मांग जसवंत ने किया है। शिकायतकर्ता जसवंत साहू के मुताबिक अपहरण और जबरन हस्ताक्षर 18 अगस्त 2025 की सुबह अशोक सिंह अपने सहयोगियों के साथ सफेद रंग की इनोवा कार सीजी 07 सीसी 6540 से पहुंचे थे। आरोप है कि जसवंत साहू को जबरन कार में बिठाकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। जसवंत को कोर्ट न्यायालय ले जाया गया, जहाँ जसवंत से कुछ दस्तावेजों पर डरा-धमकाकर हस्ताक्षर कराए गए। इसके बाद अशोक सिंह के मोबाइल से देवभूमि संचालक राजेश सिंह ने फोन कर जसवंत को धमकी देकर व्हाइट हाउस आने को कहा। राजेश ने चेतावनी दी कि ईश्वर निषाद के पक्ष में किसी भी कागज पर हस्ताक्षर न करें, नहीं तो जान से मार दिया जाएगा। इसे लेकर पीड़ित जसवंत बुरी तरह डर गया। पीड़ित ने दावा किया है कि 18 अप्रैल की सुबह 11 बजे राजेश सिंह की धमकी का आडियों रिकॉर्डिंग उनके पास सुरक्षित है। पीड़ित जसवंत साहू ने बताया कि राजेश सिंह का बाईपास दुर्ग स्थित देवभूमि लेआउट्स का संचालक हैं।

**पुराने बदमाश है दोनों हमले के आरोपी :** शिकायत में बताया गया है कि 25 जुलाई 2026 को 'देव भूमि' लेआउट में हिसाब-किताब के बहाने बुलाकर नरेंद्र सिंह नामक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस पहले पांच आरोपियों को तुरंत ट्रेस कर लिया। जिसमें फरार संचालक राजेश सिंह और अशोक सिंह है। गंभीर रुप से घायल नरेंद्र सिंह का उपचार रायपुर में अब भी जारी है। शिकायत में एसएसपी को बताया गया है कि साक्ष्य मिटाने आरोपियों ने साक्ष्य नष्ट करने की नीयत से सीसीटीवी का हार्ड डिस्क तक गायब कर दिया गया है। राजेश सिंह वर्ष 2016-17 में पुलगांव पुलिस ने उरला स्थित इसकी जमीन से 3 ट्रक अवैध शराब जब्त की थी। साल भर से वह अवैध शराब मामले में फरार चल रहा था।

### नाबालिग छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक का पाठ पढ़ाया

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने नाबालिग वाहन चालकों पर तीसरे दिन शिकंजा कसने का प्रयसा किया है। इस दौरान 22 नाबालिग पकड़े गए, अब तक तीन दिनों में 89 पर कार्रवाई कर अभिभावकों की काउंसिलिंग, वचन पत्र भरवाए गए। बिना वैद्य ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाते हुए नाबालिग पकड़े गए। तीन दिनों में 89 पर कार्रवाई की गई। बैठक लेकर बच्चों की सुरक्षा, सड़क हादसों को लेकर जागरुक किया गया।




### मामला म्यूल खाते का है, अब तक 117 खाता धारको के 5 एजेंट को पकड़ा

# पुलिस ने सात माह में तीन करोड़ कराया होल्ड, 1242 पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ऑनलाइन सट्टे में म्यूल खातों का जमकर उपयोग किया गया है। इसे लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि वर्ष 2026 में 1242 म्यूल खातों पर पुलिस ने कार्रवाई किया। जिसमें 117 खाता धारको 5 म्यूल एजेंट पुलिस पकड़ में आए। करीब तीन करोड़ रुपए को पुलिस ने होल्ड कराया है। जांच में पता चला कि करीब 2000 अन्य संदिग्ध म्यूल बैंक खातों की शिनाख्त हुई है। कुछ बैंक शाखाओं के अधिकारियों एवं बैंक प्रबंधकों की भूमिका भी इसमें संदिग्ध है। जांच में संलप्तिता प्रमाणित होने पर उन्हें भी आरोपी बनाया जाए सकता है। साइबर अपराध ऑनलाइन सट्टे



के बढ़ते अपराधों को लेकर अपराधों के वित्तीय नेटवर्क को तोड़ने पुलिस ने 1 जनवरी से 29 जुलाई 2026 तक विशेष अभियान चलाया है। अभियान में पुलिस मुख्यालय तकनीकी सेवा, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र , राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल समेत विभिन्न राज्यों से मिले शिकायतों, बैंकिंग संस्थानों से तकनीकी वित्तीय जांच की गई। पाया गया कि साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश, शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड, ऑनलाइन गेमिंग, ऑनलाइन सट्टा, कस्टमर केयर फ्रॉड, अन्य साइबर अपराधों से मिले धन को छिपाने ट्रांसफर करने के लिए म्यूल बैंक खातों का उपयोग किया गया। पुलिस ने अब तक बैंक खातों के लेन-देन, केवाईसी दस्तावेज, मोबाइल नंबर, इंटरनेट बैंकिंग लॉग, यूपीआई ट्रांजेक्शन अन्य डिजिटल साक्ष्यों के परीक्षण के उपरांत 18 प्रकरणों में कुल 1242 म्यूल बैंक खातों की पहचान किया है। पुलिस बैंक खातों से संबंधित अभिलेख, एटीएम कार्ड,चेकबुक एवं पासबुक, मोबाइल फोन एवं सिम कार्ड,केवाईसी दस्तावेज,बैंकिंग एवं डिजिटल रिकॉर्ड, अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को जब्त किया है।

### कमीशन के लिए नए खातों का किया जा रहा उपयोग

पुलिस ने बताया कि साइबर अपराधी और ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले संगठित गिरोह अवैध धनराशि के स्रोत को छिपाने अपराधियों तक पहुंचाने के लिए म्यूल बैंक खातों को उपयोग करते आ रहे है। गिरोह के सदस्य कमीशन, नौकरी, आसान कमाई, अन्य आर्थिक प्रलोभन देकर लोगों से उनके बैंक खाते प्राप्त करते थे। उनके नाम से नए बैंक खाते खुलवाते थे। खाताधारकों से बैंक खाते के साथ-साथ एटीएम कार्ड, चेकबुक, पासबुक, मोबाइल नंबर, सिम कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग यूजर आईडी पासवर्ड, यूपीआई आईडी आदि प्राप्त कर लेते है। इस तरह के कई मामलों में खाताधारक स्वयं कमीशन लेकर साइबर अपराधियों के निर्देशो का पालन कर बैंकिंग लेन-देन करते थे। इसकी सूचना राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 या फिर राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल, कटतम पुलिस थाना को दें।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 30 जुलाई 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



02 कारगिल विजय हमारे देश की शान...

## लाइव इवेंट

### 60 बच्चों ने दी कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा, अनुशासन व आत्मरक्षा का दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाई।** सेल्फ डिफेंस अकैडमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आर्य नगर, कोहका स्थित वीरा के आंगन में सीको काई कराटे इंटरनेशनल छत्तीसगढ़ की कलर बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक संपन्न हुआ, जिसमें अकैडमी के 60 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न बेल्ट ग्रेडिंग के लिए अपनी तकनीकी दक्षता, अनुशासन, आत्मरक्षा कौशल तथा शारीरिक क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य परीक्षक एवं चीफ इंस्ट्रक्टर रेंशी बी. बी. नायडू ने सभी प्रतिभागियों की तकनीकी परीक्षा लेकर उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन किया तथा नियमित अभ्यास, अनुशासन एवं आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताया।

इस अवसर पर अध्यात्मिक एवं मोटिवेशनल गुरु बाबू स्वामी ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मरक्षा केवल स्वयं की सुरक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, श्रेष्ठ संस्कार और मजबूत चरित्र निर्माण का आधार भी है। उनके प्रेरणादायी उद्बोधन ने उपस्थित सभी लोगों को नई ऊर्जा और सकारात्मक दिशा प्रदान की। परीक्षा संचालन में सेंसाई देवराज धनकर, सेंसाई बी. जयंत नायडू, सेंसाई योगेश्वर मानिकपुरी तथा सेंसाई अंजना राजवीर सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी प्रशिक्षकों के समन्वित प्रयास से कार्यक्रम सफलतापूर्वक एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

सेल्फ डिफेंस अकैडमी छत्तीसगढ़ के निदेशक मंडल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं को केवल आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देना ही नहीं, बल्कि उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, मानसिक दृढ़ता, शारीरिक स्वास्थ्य, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्रसेवा की भावना का विकास करना भी है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



## लाइव इवेंट

### विधायक ललित चंद्राकर ने किया श्री गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान का शुभारंभ



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान की शुरुआत गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हुई। इसी क्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ रुआबांधा स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर 650 दीप प्रज्ज्वलित किए और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

यह अभियान 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा से 20 फरवरी 2027 संत रविदास जयंती तक पूरे देश में चलाया जाएगा। अभियान का राष्ट्रीय शुभारंभ संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर वाराणसी से हुआ, जहां भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत संत रविदास की जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी को कलशों में भरकर देश के विभिन्न राज्यों तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही समरसता सभाएं, पदयात्राएं, सामाजिक संवाद और संत रविदास के विचारों पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य सामाजिक समानता, भाईचारा और संत रविदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना है। रुआबांधा शिव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि संत रविदास महाराज ने अपने पूरे जीवन में समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने समाज को जाति-पाति के भेदभाव से ऊपर उठकर एकता के साथ रहने की प्रेरणा दी। भाजपा का यह अभियान उन्हीं आदर्शों को आगे बढ़ाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर कार्य कर रही है। दीप प्रज्ज्वलन केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में फैली विषमता को दूर कर समरसता का प्रकाश फैलाने का प्रतीक है। कार्यक्रम में रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा-पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, वार्ड पार्षद शीला नारखेड़े सहित भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, महिला मोर्चा की पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### आस्था, विश्वास व समर्पण का महापर्व गुरुपूर्णिमा, ट्विनसिटी के मंदिरों में हुए अनेक आयोजन

# गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए, निभाई गई गुरु-शिष्य परंपरा

आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि बुधवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपकी गोविंद दियों बताए, संत कबीर के इस दोहे को सार्थकर करते हुए गुरु पूर्णिमा के अवसर पर लोग गुरु शिष्य पंरपरा का निर्वहन करते हुए देवालय, विद्यालय, शिक्षण संस्थानों में गुरुओं की पूजा और सेवा की।

**भिलाई।** बुधवार को दुर्ग-भिलाई में जगह-जगह गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सेक्टर 2 राम भद्र सेवा मंडल, सेक्टर 6 सांई बाबा मंदिर, शनि मंदिर राधिका नगर, गायत्री मंदिर, गजानन मंदिर से लेकर अन्य जगहों पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6, गायत्री शक्तिपीठ कैम्प-2 पावर हाउस, शिव गायत्री मंदिर रिसाली सेक्टर, गायत्री प्रज्ञापीठ भगवती संस्थान रामनगर मुक्तिधाम भिलाई सहित अंचल के सभी गायत्री मंदिरों में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा एवं भक्तिभाव पूर्वक मनाया गया। इस दौरान सेक्टर 2 रामभद्र सेवा मंडल के आचार्य पं संदीप तिवारी के शिष्यों ने गुरु शिष्य परंपरा का निर्वन करते हुए चरण आचमन किया।

### गुरुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने किया रक्तदान



सेक्टर 6 शिर्डी साई बाबा संस्थान में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से ही विभिन्न आयोजन किये गए। बुधवार की सुबह 6 बजे साई बाबा की कांकड़ आरती के बाद प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित होने वाली सामूहिक सत्यनारायण कथा का आयोजन किया गया। 9 से 11 बजे तक बाबा का अभिषेक किया गया। 11 बजे से सत्य साई बाबा संस्थान द्वारा भजन-कीर्तन किया गया। फिर साढ़े 12 से 4 बजे तक महाभंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 5 हजार साई भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी बीच 9 बजे से 1 बजे तक मंदिर संस्थान द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में गुरुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने साई भक्तों ने रक्तदान किया। साथ ही निशुल्क जांच शिविर लगाया गया था। इस अवसर पर शाम की आरती के बाद 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त गायक पीटी उल्लास सहित अन्य के द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई।



### भक्तमाता शांतादेवी बापजी के दर्शन के लिए लगी लंबी कतारें



**दुर्ग।** पुलगांव नाका स्थित नवकार परिसर के श्री रामदेव बाबा दरबार में बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र (चालीसगांव) के संत गुरुदेव सोहनलाल बापजी की पावन स्मृति में आयोजित महोत्सव में उनकी शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दरबार पहुंचे, जिससे पूरे परिसर में मेले जैसा वातावरण देखने को मिला। प्रसिद्ध भजन गायक गौरव बजाज ने गुरुदेव के जीवन पर आधारित भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते हुए नृत्य एवं संकीर्तन कर अपनी श्रद्धा अर्पित करते रहे। गुरु पूर्णिमा महोत्सव में जनप्रतिनिधियों, धार्मिक, सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी पहुंचकर भक्तमाता शांतादेवी बापजी के दर्शन किए तथा प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। प्रमुख रूप से पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. सरोज पांडेय, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, धीरज बाकलीवाल, अशोक राठी, पवन बढ़जात्या सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी दर्शन के लिए दरबार पहुंचे थे। महोत्सव में श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर समिति के प्रमुख रमेश कुमार जैन, पायल जैन, मनीष जैन, प्रवीण पींचा, गौरव बजाज, गौरव पींचा सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



### गुरु जनों का किया सम्मान और लिया आर्शिवाद

गूरु पूर्णिमा के अवसर पर शनि मंदिर राधिका नगर में गुरु कौशलेन्द्र मणि त्रिपाठी की विशेष पूजा कर गुरु दक्षिणा दी गई और भक्तों को गुरुओं ने आशिर्वाद दिया।



सेक्टर-5 सांई बाबा मंदिर में श्री सांई बाबा आरती सत्संग सदस्यों द्वारा शिवनाथ नदी से कांवड़ में जल लेकर पद यात्रा निकाली गई।

### स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई गुरु पूर्णिमा



**भिलाई।** स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको के शिक्षा विभाग द्वारा गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मंजू कन्नोजिया ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन को सही दिशा, श्रेष्ठ संस्कार एवं नैतिक मूल्यों से भी परिचित कराते हैं। गुरु के मार्गदर्शन से ही व्यक्ति अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होता है। शंकराचार्य शैक्षणिक परिसर के निदेशक डॉ. दीपक शर्मा ने कहा कि गुरु ज्ञान, विवेक और जीवन मूल्यों के वास्तविक पथप्रदर्शक हैं उनका मार्गदर्शन विद्यार्थियों को सफलता के शिखर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने अपने शुभकामना संदेश में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है।

### श्रमण संघ परिवार के सदस्यों ने 50 बेला एवं 5 तेला तपस्या की भेंट अर्पित की

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर दुर्ग स्थित श्रमण संघ परिवार के सदस्यों ने अपने आराध्य राष्ट्र संत मानव मिलन संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज के चरणों में अद्भुत श्रद्धा और भक्ति का परिचय देते हुए 50 बेला एवं 5 तेला तपस्या की भावपूर्ण भेंट अर्पित की। इस अवसर पर पूरा वातावरण गुरुभक्ति, साधना और आध्यात्मिक उल्लास से ओत-प्रोत रहा।

गुरुदेव ने अपने मंगल प्रवचनों में कहा कि गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा केवल वंदन तक सीमित नहीं होती, बल्कि उनके बताए हुए संयम, तप, त्याग और आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने में ही वास्तविक गुरुभक्ति निहित है। तपस्या आत्मशुद्धि का श्रेष्ठ माध्यम है और यह आत्मबल तथा आध्यात्मिक उन्नति का आधार बनती है।

**चार माह चलेगा नवकार महामंत्र, अलग-अलग परिवार संभालेंगे जप अनुष्ठान:** इस अवसर पर यह भी घोषणा की गई कि आज से आगामी चार माह तक नवकार महामंत्र का एक घंटे जाप दोपहर 2.30 बजे से 3.30 बजे तक श्रद्धालुओं द्वारा नियमित रूप से की जाएगी। यह सामूहिक आध्यात्मिक साधना समाज में शांति, सद्भाव और आत्मजागरण का संदेश प्रसारित करेगी।



**तपसियों का सामूहिक पारणा कल:** बेला एवं तेरा तप के तपस्वियों का सामूहिक पारणा कल जय आनंद मधुकर रतन भवन की भोजनशाला में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ सम्पन्न होगा, जिसमें तपस्वी साधक उपस्थित रहेंगे। गुरु पूर्णिमा का यह पावन पर्व गुरुदेव के प्रति अटूट श्रद्धा, तप एवं आराधना के माध्यम से मनाते हुए श्रमण संघ परिवार ने संयम और साधना की प्रेरणा समाज को प्रदान की। गुरुभक्ति और तप की यह अनुपम साधना निश्चित ही अनेक जनों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

### बंम्लेश्वरी मंदिर सेक्टर 6 में मनाया पर्व

बंम्लेश्वरी मंदिर सेक्टर 6 में मंदिर के संस्थापक गुरुदेव स्व. यादव रावजी जौंजाड़कर की सुबह अभिषेक कर विशेष पूजा-अर्चना की गई उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में उपस्थित भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पुजारी दीपक जौंजाड़कर ने बताया कि मंदिर में हर साल गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। इस दिन गुरुदेव के अनुयायी विभिन्न स्थानों से मंदिर पहुंचते है।

### राज्य स्तरीय कला प्रतियोगिता में आर्ट, क्राफ्ट और ड्रांइग कांपीटिशन में 500 प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

# कला केवल प्रतिभा नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का भी सशक्त माध्यम, कैनवास पर उकेरी कल्पनाएं

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** एएन प्रोडक्शन एवं आर्टिस्ट सोल के संयुक्त तत्वावधान में आर्ट केस्टल स्टेट लेवल आर्ट, क्राफ्ट और ड्रांइग कांपीटिशन 2026 का आयोजन संपन्न हुआ। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 500 से अधिक प्रतिभाशाली बच्चों ने उत्साह के साथ कला, शिल्प और चित्रकला में अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ रीचा रिकेश सेन उपस्थित रही।

### कला व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रीचा सेन ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कला केवल प्रतिभा नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का भी सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच बच्चों को आत्मविश्वास और रचनात्मकता देते हैं। उनकी प्रेरणादायी वक्तव्य से बच्चों में नया जोश देखने को मिला। इस आयोजन में लोकांगन समिति का विशेष सहयोग रहा। उनके निरंतर समर्थन के लिए आयोजन समिति ने हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस दौरान सभी प्रतिभागी बच्चों को विशेष सांत्वना पुस्कार वितरित किये गए। जिससे हर बच्चे के चेहरे पर मुस्कान आ गई।



### सम्मान से बढ़ा बच्चों का हौसला

प्रतियोगिता का निष्पक्ष एवं उत्कृष्ट मूल्यांकन डॉ. प्राची द्वारा किया गया। उन्होंने प्रत्येक बच्चे की रचनात्मकता, मौलिकता और कलात्मक अभिव्यक्ति का गहन मूल्यांकन करते हुए बच्चों को निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विजेताओं को कैश प्राइज, मोमेंटो एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, ताकि हर बच्चे को सम्मान और यादगार अनुभव मिल सके।

ए एन प्रोडक्शन की ओर से नवीन शर्मा और अर्चना श्रीवास्तव ने इस पूरे आयोजन का संचालन किया। आर्टिस्टिक सोल की तरफ से अरुण मलिक और सुमन मलिक का सहयोग रहा। आयोजकों ने अतिथियों, निर्णायक मंडल, अभिभावकों, प्रतिभागियों, सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी बच्चों की प्रतिभा को मंच देने के लिए ऐसे रचनात्मक आयोजन निरंतर किए जाएंगे।



सिटी इवेंट

## कारगिल के वीरों को दी श्रद्धांजलि डॉक्यूमेंट्री से विद्यार्थियों ने जाना शौर्य



**भिलाई।** साईं कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में शहीद सैनिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजित कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों के अदम्य साहस, शौर्य और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध पर आधारित एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। इसके माध्यम से ऑपरेशन विजय, कारगिल युद्ध की प्रमुख घटनाओं और भारतीय सेना के अद्वितीय पराक्रम की जानकारी दी गई। साथ ही पोस्टर प्रदर्शनी के जरिए भी विद्यार्थियों को युद्ध के इतिहास और वीर सैनिकों के बलिदान से अवगत कराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले सैनिकों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना को मजबूत करना था। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रतिभा गुमास्ता ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

■ साईं कॉलेज में एनएसएस इकाई ने आयोजित किया कार्यक्रम

सिटी लाइव

## संस्कार और जीवन मूल्यों के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं गुरु



**भिलाई।** उदय महाविद्यालय जामुल भिलाई में गुरुशिष्य परपंरा के पावन पर्व गुरू पूर्णिमा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ द्वीप प्रज्जवित, वंदना एवं गुरूपूजन के साथ हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलिपा साहू ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान के प्रदाता नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार एवं जीवन मूल्यों के सच्चे मार्गदर्शन होते है। उन्होंने कहा कि भावी शिक्षकों बीएड छात्राध्यापकों के लिए यह दिन अत्यंत महवपूर्ण है। एक शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, विद्यार्थियों में मानवीय मूल्य, नैतिकता, संवेदनशीलता और राष्ट्रप्रेम भावना का विकास करना भी है। हमें ऐसे शिक्षक बनने का संकल्प लेना चाहिए जो अपने ज्ञान, व्यवहार और आचरण से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। कार्यक्रम में बीएड तृतीय सेमेस्टर छात्राध्यापकों ने गीत, कविता, भाषण के द्वारा अपने-अपने अभिव्यक्ति प्रस्तुत किए। बीएड तृतीय सेमेस्टर के छात्राध्यापक खिलेन्द्रर साहू, निधि गुप्ता, मंजेश, रंजिता, महिमा, कीर्ति, आरती, रज्जी, रंजविन्दर, भारती, सुनिल, चंचल, दामिनी, पूजा, जागृति, भूपेश ने प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ. कलावती राव कहा कि वे अच्छे शिक्षक के गुणो को आत्मसाथ करें। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. सावित्री जंघेल ने राग खमाज पर अधारित गुरु वंदना की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सफल संचालन बीएड तृतीय सेमेस्टर के छात्राध्यापक लाईबा यास्मिन ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण और छात्राध्यापक उपस्थित थे।

सिटी इवेंट

## उर्दू के नामचीन रचनाकारों पर होंगे आयोजन, बुजुर्ग शायरों का करेंगे सम्मान



**भिलाई।** अंचल में उर्दू की तरक्की के लिए सक्रिय संगठन आईना ए अदब उर्दू हिंदी संगम तंजीम भिलाई दुर्ग की बैठक सुपेला कॉफी हाउस में हुई। जिसमें गत सप्ताह आयोजित एक नशिस्त काव्य गोष्ठी-एक शाम मरहूम शायरों के नाम आयोजन की समीक्षा की गई। वहीं उर्दू भाषा को बढ़ावा देने आगामी आयोजनों की समीक्षा भी की गई। बैठक में सदस्यों के सुझाव के आधार पर तय किया गया कि महाविद्यालयीन स्तर पर उर्दू के नामचीन शायरों पर आयोजन किए जाएंगे। जिसमें इन शायरों की शख्सियत और इनकी शायरी पर युवाओं से बात होगी। वहीं स्थानीय स्तर के मरहूम शायरों को याद करने भी कार्यक्रम किए जाएंगे। सदस्यों ने तय किया कि स्थानीय स्तर पर बहुत से बुजुर्ग शायर उपेक्षित जीवन जी रहे हैं। इन बुजुर्गों ने अपने जीवन का ज्यादातर हिस्सा उर्दू की खिदमत में गुजारा है। ऐसे बुजुर्ग शायरों तक आईना ए अदब पहुंचेगा और इनका सम्मान किया जाएगा। वहीं इनके रचनात्मक कार्यों को युवा पीढ़ी के सामने लाया जाएगा। इस बैठक में हाजी रियाज खान गौहर, शौकत इकबाल, जाविद हसन भाईजान, इस्माइल खान, मोहम्मद अबू तारिक, शमशीर सिवानी, मुहम्मद ज़ाकिर हुसैन और डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

● साईंस कालेज में कारगिल विजय दिवस समारोह आयोजित, स्टूडेंट्स ने दिखाई शौर्य गाथा

# कारगिल विजय हमारे देश की शान का प्रतीक, हर नागरिक देश के कुर्बान होने के लिए हमेशा रहे तैयार

**भिलाई।** कारगिल विजय हमारे देश की शान की प्रतीक है। 25 वर्ष पूर्व हुये कारगिल युद्ध में 527 भारतीय सेना के जवानों की शहादत पूरा देश कभी नही भूल सकता। हममे से प्रत्येक नागरिक को देश के लिये कुर्बान होने के लिए सदैव तैयार रहना चाहिये। ये उद्‌गार पूर्व प्राध्यापक एवं समाजिक चिंतक टोप लाल वर्मा ने शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में व्यक्त किये। श्री वर्मा साईंस कालेज, दुर्ग के एनएसएस एवं एनसीसी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कारगिल विजय दिवस समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। कारगिल युध्द के संबंध में तिथिवार विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए टोप लाल वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ माटी के सपूत कौशल यादव ने 25 जुलाई 1999 को युध्द में मात्र 30 साल की उम्र में उन्होंने अपने प्राण न्यौछावर करते हुए 5 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया। उन्होंने उपस्थित प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों से आग्रह किया कि उनके जीवन में देश प्रथम की भावना होनी चाहिए।





### मार्मिक नृत्य नाटिका ने मोहा मन

कारगिल विजय दिवस समारोह में साईंस कॉलेज दुर्ग के 24 एनसीसी कैडेट्स ने कारगिल युध्द पर आधारित मार्मिक नृत्य नाटिका पर प्रस्तुत की। नृत्य नाटिका में भारत पाक सैनिकों का युध्द एवं कारगिल पर भारतीय सैनिकों की विजय का मार्मिक चित्रण किया गया था। अपने स्वागत भाषण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियों एवं रामचरित मानस की चौपाईयों के माध्यम से भारतीय वीर सिपाहियों की वीरता का उल्लेख किया। कार्यक्रम के संयोजक, इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय थे। कार्यकम की संचालक डॉ. ज्योति धारकर ने कारगिल में शहीद हुये सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला।



**प्रतियोगिताओं का भी आयोजन :** समारोह के दौरान महाविद्यालय में कारगिल दिवस से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं मेंडल भी प्रदान किये गये। इनमें सामूहिक देश भक्ति गान में नीता ध्रुव एवं साथी प्रथम तथा आडिल, देवांशी, डोमेन्द्र एवं दिशा द्वितीय रहे। देश भक्ति गीत एकल प्रतियोगिता में हरीश साहू प्रथम, नीलम द्वितीय तथा नकुल तृतीय रहे। एकल देश भक्ति गायन में सोमेश प्रथम, सुनिधि राजपूत द्वितीय तथा प्रिया निषाद तृतीय रहे। पेंटिंग प्रतियोगिता में शिवा ने प्रथम, खुशी प्रजापति ने द्वितीय तथा द्रविण के. देशमुख ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में आभार डॉ. तरुण साहू ने किया।

### डॉक्यूमेंट्री फिल्म से दी कारगिल युद्ध की जानकारी

दुर्ग संभाग के उच्चशिक्षा विभाग की अपर संचालक डॉ. अनुपमा अस्थाना ने कारगिल युध्द के शिलशिलेवार जानकारी देते हुए बताया कि कैप्टन विजय बत्रा एवं अन्य वीर सैनिकों ने किस प्रकार अपने जान की परवाह किये बिना प्राण न्यौछावर कर दिये। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. एन.पी. दीक्षित ने डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से कारगिल युध्द से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। डॉ. दीक्षित ने कारगिल युध्द में सहभागी मेजर जर्नल बक्शी तथा लेप्टिनेंट कर्नल पीके सहगल के साथ अपने अनुभव को उपस्थित दर्शकों के साथ साझा किया। डॉ. दीक्षित ने उपस्थित विद्यार्थी समूह से लक्ष्य आधारित शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करने का आग्रह करते हुए कहा कि विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों से बहुत अधिक प्रभावित नही होना चाहिए क्योंकि वर्तमान समय में सोशल मीडिया में बहुत सी जानकारियां भ्रामक होती है।

जॉब रेडिनेस कार्यक्रम

## कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता, पहला कदम उठाने से होती है सफलता की शुरुआत



**भिलाई।** जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड द्वारा सीएसआर के अंतर्गत संचालित सिंघानिया स्किल डेवलपमेंट सेंटर अहिवारा में जॉब रेडीनेस प्रोग्राम के 13वें बैच का ग्रेजुएशन समारोह और 14वें बैच का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीएसपी दुर्ग डॉ. चित्रा वर्मा थीं तथा अध्यक्षता प्लांट हेड राजपाल सिंह ने की। इस अवसर पर लायज़निंग हेड संजय अरोरा भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में 13वें बैच के 30 प्रशिक्षुओं ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण किया, जबकि 14वें बैच में 30 नए प्रशिक्षुओं का स्वागत किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले युवाओं को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए, जिनमें 20 प्रशिक्षुओं का चयन टाटा मोटर्स, अहमदाबाद में रोजगार के लिए हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. चित्रा वर्मा ने कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। सफलता की शुरुआत पहला कदम उठाने से होती है। यदि युवा समय का सही प्रबंधन करें और अपने कौशल का निरंतर विकास करें, तो सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमेगी। उन्होंने विशेष रूप से इस बैच की 23 महिला प्रशिक्षुओं की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सक्रिय भागीदारी महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने युवाओं को अपने परिवार से जुड़े रहने की सलाह देते हुए कहा कि जीवन में परिवार का साथ, उनका स्नेह और विश्वास ही सबसे बड़ी ताकत तथा वास्तविक खुशी का आधार होता है। साथ ही उन्होंने जॉब रेडीनेस प्रोग्राम में टाइम मैनेजमेंट, व्यक्तित्व विकास एवं कौशल उन्नयन जैसे विषयों को युवाओं के सफल करियर निर्माण के लिए अत्यंत उपयोगी एवं सराहनीय बताया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्लांट हेड राजपाल सिंह ने कहा कि कौशल विकास युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि कंपनी की प्रबंध निदेशक विनीता सिंघानिया के मार्गदर्शन में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के कौशल विकास, रोजगार और महिला सशक्तिकरण के लिए प्रभावी व सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

व्यापार उड़ान- स्टूडेंट इनोवेशन

## व्यावसायिक विचारों और स्टार्टअप मॉडल प्रस्तुत करने मिला मंच



**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में विद्यार्थियों में नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से व्यापार उड़ान- स्टूडेंट इनोवेशन एंड स्टार्टअप चैलेंज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को अपने अभिनव व्यावसायिक विचारों एवं स्टार्टअप मॉडल प्रस्तुत करने हेतु एक सशक्त और प्रभावी मंच प्रदान करना था। प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने नवाचार-आधारित स्टार्टअप मॉडल और व्यावसायिक अवधारणाओं का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। प्रतिभागियों के प्रस्तावों का मूल्यांकन उनकी नवीनता, व्यवहारिकता, प्रस्तुतीकरण कौशल, व्यावसायिक संभावनाओं तथा सामाजिक प्रभाव के आधार पर निर्णायक डॉ. विद्यावती चंद्राकर और डॉ. दुर्गेश सिन्हा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में बेस्ट सैंपल में प्रिया कौशिक और टीम, स्टार्टअप किंग प्रवीण और टीम, बेस्ट आइडिया गौरव और तृप्ति विजेता रहे। कार्यक्रम का संचालन और समन्वयन आराध्या पाठक व श्रुति राव ने किया। आयोजन को सफल बनाने में लव ताम्रकार, डॉ. विक्रम साहू, आयुष शर्मा व डालचंद की भूमिका रही।

वर्तमान भारत को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का प्रदेय विषय पर हुई संगोष्ठी

# डॉ. मुखर्जी ने उद्योग, शिक्षा और एकता को दी नई दिशा, राष्ट्र निर्माण में योगदान को किया याद

कार्नर न्यूज

[...]ई। राष्ट्रवाद के प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर प्रबुद्ध परिषद छत्तीसगढ़ एवं ग्रामोदय के संयुक्त तत्वावधान में वर्तमान भारत को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का प्रदेय विषय पर वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी अध्यक्ष शशांक शर्मा ने कहा कि हमें स्कूल-कॉलेजों में डॉ. मुखर्जी के बारे में कभी नहीं बताया गया। उनके योगदानों को इतिहास में दबा दिया गया। उन्होंने कहा कि भरा-पूरा परिवार छोड़कर डॉ. मुखर्जी ने देश सेवा का संकल्प लिया। वे वीर सावरकर और डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार से प्रभावित थे। श्री शर्मा ने बताया कि चितरंजन लोकोमोटिव, सिंदरी उर्वरक कारखाना, हिंदुस्तान एयरक्राफ्ट की स्थापना में डॉ. मुखर्जी का विशेष योगदान था।



### रियासतों के विलय में उल्लेखनीय भूमिका

हैदराबाद, कश्मीर जैसी रियासतों के विलय में भी उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही। उन्होंने कहा कि मजबूत विपक्ष की अवधारणा डॉ. मुखर्जी ने दी, जिसका परिणाम भारतीय जनसंघ के रूप में सामने आया। राज्य पुनर्गठन आयोग बनाने का सुझाव भी उन्होंने दिया। कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा और शेख अब्दुल्ला की अलगाववादी नीतियों का उन्होंने विरोध किया। एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेगा का नारा देते हुए परमिट व्यवस्था के विरोध में श्रीनगर प्रवेश के दौरान उन्हें शहादत मिली।



### भारत को अभिन्न अंग बनाने में रहा योगदान

विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ. ज्योति धारकर ने कहा कि डॉ. मुखर्जी अप्रतिम राजनेता के साथ अप्रतिम विद्यार्थी भी थे। मात्र 33 वर्ष की आयु में वे कुलपति बने। कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए उन्होंने प्राण न्यौछावर कर दिए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के पास शिक्षा और संस्कार दोनों थे। उनके लिए पद नहीं, भारतमाता की सेवा महत्वपूर्ण थी। उन्होंने कहा कि आज संस्कार की जरूरत शिक्षा से ज्यादा है। वीर सावरकर और डॉ. मुखर्जी जैसे महापुरुषों के अवदान को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने युवाओं से तथ्यपूर्ण बातें जीवन में उतारने का आह्वान किया। प्रबुद्ध परिषद छत्तीसगढ़ के प्रांत संयोजक अतुल नागले ने प्रज्ञा प्रवाह का परिचय देते हुए कहा कि विदेशी विचारों से प्रभावित झूठे विमर्शों का खंडन कर तथ्यात्मक विमर्श स्थापित करना ही उनका उद्देश्य है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में चल रहे परिषद के कार्यों की जानकारी दी। प्रबुद्ध परिषद अध्यक्ष अजय डांगे ने अतिथियों का स्वागत किया। आभार ग्रामोदय सचिव सुमन कन्नौजे ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मासिक रूप से ऐसी संगोष्ठियां आयोजित कर प्रबुद्धजनों को वैचारिक रूप से समृद्ध किया जाएगा।


## सिटी स्पोर्ट्स

### विश्व पैरा तीरंदाजी सीरीज के लिए मुरारका को मिला विशेष आमंत्रण



**रायपुर।** भारतीय तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य कैलाश मुरारका को आगामी 2026 हुंडई वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज के लिए विशेष आमंत्रण मिला है। भारतीय तीरंदाजी संघ के मानद महासचिव वीरेंद्र सचदेवा ने 22 जुलाई को जारी आमंत्रण पत्र में उन्हें प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। आमंत्रण पत्र के अनुसार विश्व तीरंदाजी (वर्ल्ड आर्चरी) के संरक्षण में आयोजित यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 5 से 9 सितंबर तक गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती रिवरफ्रंट पर आयोजित होगी। प्रतियोगिता में दुनिया भर के शीर्ष पैरा तीरंदाज, तकनीकी अधिकारी, निर्णायक, क्लासिफायर और प्रतिनिधि भाग लेंगे। भारतीय तीरंदाजी संघ ने पत्र में कहा है कि कार्यकारिणी समिति के सदस्य के रूप में कैलाश मुरारका की उपस्थिति आयोजन समिति और खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी होगी।

### जिला स्तरीय बैडमिंटन ट्रायल 1 अगस्त से, तैयारी स्टेट की



रायपुर। जूनियर और सीनियर बॉयज़ एवं गर्ल्स कैटेगरी का बिलासपुर जिला बैडमिंटन ट्रायल 1 और 2 अगस्त को होगा। यह ट्रायल सुबह 9 बजे से रेड डायमंड स्पोर्ट्स सेंटर तोरवा में होगा। ज्ञात हो कि आगामी स्टेट चैंपियनशिप बिलासपुर और राजनांदगाव की मेज़बानी में संपन्न होंगे। यह जानकारी जिला बैडमिंटन संघ की ओर से दी गई।

### रैपिड शतरंज प्रतियोगिता में शामिल हुए खिलाड़ी



**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस के अवसर पर शीला देवी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता 2026 का सफल आयोजन बिलासपुर में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रणनीतिक सोच, एकाग्रता तथा खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे दिन चले रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने खेल भावना और अनुशासन का उत्कृष्ट परिचय दिया। प्रतियोगिता के पदक विजेताओं में एकांत साहू, शुभ कौशिक, अक्षांशी जैन, आदित्य अवस्थी, सात्विक गुप्ता, संस्कार कश्यप, ए. हिमतेज, ईशांत साहू, अद्वित सिंह एवं वंश जैन शामिल रहे। विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

### स्टेट फ़ीडे रेटेड चेस में रायपुर की सावी और कोरबा के प्रभमन राज्य विजेता




**रायपुर।** ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के मार्गदर्शन एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से जिला शतरंज संघ द्वारा 24 से 26 जुलाई तक जैन भवन सेक्टर 6 भिलाई में स्पर्धा का आयोजन हुआ। चैंपियनशिप में कोरबा के प्रभमन सिंह मल्होत्रा ने विजेता ट्रॉफी हासिल की। बालिका वर्ग में रायपुर की सावी गौरी विनर बनी। दोनों खिलाड़ियों को ट्रॉफी के साथ 6 हजार रुपए के नगद इनाम से सम्मानित किया गया। स्पर्धा के मुख्य अतिथि मुकेश जैन थे। अध्यक्षता समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा ने की और विशिष्ट अतिथि कन्हैया सोनी, जिला खेल अधिकारी श्री एक्का, भारत की प्रथम नेशनल सब जूनियर शतरंज चेम्पियन रह चुकी गार्गी दास, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी किरण अग्रवाल, प्रदीप दास, अंतर्राष्ट्रीय आर्बिटर अनीस अंसारी व रमेश अग्रवाल ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। राज्य के 19 जिलों के कुल 142 खिलाड़ियों के बीच 8 चक्रों की बाजी इस स्पर्धा में खेली गई। सब जूनियर ओपन वर्ग में द्वितीय स्थान पर देवांश जैन रायपुर, तृतीय अहिलान रॉय, चतुर्थ विवान रॉय, पांचवा अक्ष चोपड़ा, छठवां निभीष प्रधान एवं बालिका वर्ग में द्वितीय इशिका मड़के, तृतीय परिधि लिलहरे, चतुर्थ कासवी जैन, पांचवा हितांशी मुदलियार और छठवां निशिता त्रिपाठी ने प्राप्त किया। बालक एवं बालिका वर्ग में शीर्ष 4 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय सब जूनियर चैंपियनशिप के लिए किया गया है।

## दिल या दिमाग में से कोई भी बीमार है तो इसका असर होता है दूसरे अंगों पर


# दिल और दिमाग की सेहत एक दूसरे पर निर्भर दोनों को सही रखना है तो करें ये जरूरी काम

क्या आप जानते हैं कि आपके मस्तिष्क और हृदय का स्वास्थ्य आपस में जुड़ा हुआ है? या यूं कहें कि एक दूसरे पर निर्भर है। यानी अगर दिल या दिमाग में से कोई भी अस्वस्थ है तो इसका दुष्प्रभाव दूसरे अंग पर देखा जा सकता है। शोधकर्ताओं ने भी अध्ययन में पाया कि जिन लोगों का दिमाग स्वस्थ होता है उनमें हार्ट की समस्याओं के विकसित होने का खतरा कम होता है, वहीं जिन लोगों का हृदय स्वस्थ होता है उनमें डिमेंशिया-अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारी गड़बड़ दिनचर्या और खान-पान की समस्या के कारण इन दोनों अंगों पर कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव देखा जा रहा है। सेंडेंटरी लाइफस्टाइल, जंक-फास्ट फूड्स का अधिक सेवन और व्यायाम की कमी न सिर्फ आपमें हृदय की बीमारियों का खतरा बढ़ा रही है साथ ही इसका मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। आइए दिल और दिमाग के इस कनेक्शन को समझने की कोशिश करते हैं।

### हार्ट और दिमाग का कनेक्शन

अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि आप अपने हृदय को स्वस्थ



रखकर, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी मस्तिष्क संबंधी समस्याओं के जोखिम को भी कम करते हैं। असल में हामारा हृदय, वाहिकाओं के माध्यम से मस्तिष्क सहित शरीर के हर हिस्से में रक्त पंप करता है। रक्त वाहिकाओं के क्षतिग्रस्त होने से हृदय रोग, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। फिनलैंड के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि वयस्कावस्था में जिन लोगों ने अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए प्रयास किए उनमें आगे चलकर न्यूरोलॉजिकल बीमारियों जैसे अल्जाइमर और डिमेंशिया के विकसित होने का खतरा 40 फीसदी तक कम पाया गया। आइए जानते हैं कि इन दोनों अंगों को स्वस्थ रखने के लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं?



### आहार का ध्यान रखना सबसे जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, भोजन को स्वस्थ रखकर और दिल और दिमाग दोनों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के खतरे को कम कर सकते हैं। आहार में साबुत अनाज, नट्स, मौसमी फल और सब्जियां, दालें, ओमेगा-3 फैटी एसिड वाली चीजों का नियमित रूप से सेवन करना आपकी रक्त वाहिकाओं को स्वस्थ रखने और मस्तिष्क में होने वाली दिक्कतों को कम करने में लाभकारी हो सकती है। आहार को स्वस्थ रखकर आप दिल की बीमारियों के खतरे को 40 फीसदी तक कम कर सकते हैं।

### नियमित व्यायाम बहुत जरूरी

नियमित व्यायाम संपूर्ण शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इससे हृदय और दिमाग में रक्त का प्रवाह बढ़ाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को प्रतिदिन कम से कम 150 मिनट का व्यायाम करने की



सलाह देते हैं। व्यायाम करने से सेंडेंटरी लाइफस्टाइल के कारण शरीर को होने वाली समस्याओं के जोखिमों को भी कम किया जा सकता है।

अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि जो लोग नियमित रूप से व्यायाम करते हैं, उनमें हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी बीमारियों के विकसित होने का खतरा कम हो सकता है।

### मस्तिष्क को आराम देना जरूरी

मस्तिष्क का आराम देने के लिए प्रयास करते रहना भी बहुत आवश्यक है, इसके लिए मेडिटेशन और रिलैक्सेशन जैसे अभ्यास किए जा सकते हैं। मेडिटेशन से न सिर्फ मस्तिष्क को आराम मिलता है साथ ही इससे ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल रहता है। ये ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने के साथ स्ट्रोक जैसी मस्तिष्क की गंभीर समस्याओं के खतरे को भी कम कर सकता है। दिमाग और दिल दोनों को सेहतमंद रखने के लिए डीप ब्रीदिंग अथवा मेडिटेशन जैसे अभ्यास लाभकारी हो सकते हैं।



## कांसे के बर्तनों का करना चाहिए इस्तेमाल, मिलेंगे इससे फायदे

कांसे का इस्तेमाल भरतीय घरों में सदियों से होता आया है। ये अंग्रेजी में बेल मेटल कहा जाता है और पीतल का एक मॉडिफाइड पॉर्म होता है। इसमें थोड़ा सा तांबा और टिन भी मिला होता है। कांसा एक ऐसा मेटल है जो बहुत ही आसानी से मिल जाता है, लेकिन इसकी लोकप्रियता इस बात से नहीं है कि ये आसानी से मिल जाता है बल्कि इस बात से है कि कांसा हमारे शरीर के लिए कितना महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

आयुर्वेदिक डॉक्टर दीक्षा भावसार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कांसे से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी शेयर की है और ये भी बताया है कि आखिर क्यों कांसा बहुत ही उपयोगी साबित हो सकता है। कांसे के बर्तन में पानी पीने से लेकर कांसे की थाली में खाना खाने तक क्यों ये सही हो सकता है। तो चलिए जानते हैं कि क्यों कांसा बहुत ही अच्छा साबित होगा। तो चलिए जानते हैं कांसे के फायदे... कैसे कांसा हो सकता है बेस्ट।



### कांसे के इस्तेमाल से तेज़ होता है दिमाग

आयुर्वेद में 'कांस्यम बुद्धीवर्धकम' कहा जाता है जिसका मतलब के कि कांसे के इस्तेमाल से दिमाग तेज़ होता है। ऐसा माना जाता है कि कांसे का इस्तेमाल अगर खाने और पानी पीने के लिए रोज़ाना किया जाए तो ये हमारी इम्यूनिटी भी ठीक करता है क्योंकि कांसे से खाना प्यूरिफाई होता है।

### कांसे से गर्म रहता है खाना

कांसे के बर्तन लंबे समय तक गर्म रह सकते हैं। मेटल की प्रॉपर्टीज की बात करें तो ये हीट का अच्छा कंडक्टर है और इससे बहुत लंबे समय तक हीट रिटेन की जा सकती है। इससे खाना गर्म होता है और लंबे समय तक ये बर्तन खाने को एक जैसे तापमान पर बनाए रख सकता है।

### कांसा के बर्तन खत्म करते हैं जर्म्स


डॉक्टर दीक्षा के मुताबिक कांसा के बर्तनों में जर्मिसाइडल खूबियां होती हैं जो कांसे के प्रकार पर निर्भर करती हैं। ये खाने से संपर्क में आते ही कुछ मिनटों से लेकर कुछ घंटों तक में ये खाने के बैक्टीरिया को मार सकता है।

### कांसे के बर्तन का पानी पीने से क्या है फायदा?

आयुर्वेद के मुताबिक कांसे से पॉजिटिव चार्ज पानी में जाता है। अगर आपने 8 घंटे तक कांसे के बर्तन में पानी रखा है और उसे पी रहे हैं तो इससे हमारे शरीर के कई दोष खत्म होते हैं। इसलिए ये कहा जाता है कि कांसे के बर्तन में पानी पीना ज्यादा फायदेमंद होता है।

### एसिडिक फूड्स भी किए जा सकते हैं स्टोर

कांसे में एसिडिक या कड़वे और खट्टे खाद्य पदार्थ भी स्टोर किए जा सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि एसिडिक फूड्स कांसे से रिएक्ट नहीं करते हैं। कांसा एक अल्कलाइन मेटल है जिससे ब्लड प्यूरिफिकेशन का काम होता है।



## जिला स्तरीय मिनी जूनियर व जूनियर बैडमिंटन स्पर्धा का राजधानी में आगाज







**रायपुर।** जिला बैडमिंटन संघ की ओर से जिला मिनी जूनियर व जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता बुधवार से शुरु हुई। 2 अगस्त तक सप्रे शाला में जारी इस प्रतियोगिता में 11 वर्ष,13 वर्ष व 19 वर्ष आयु समूह बालक/बालिका एकल वर्ग में लगभग 300 बालक-बालिका भाग ले रहे हैं।

उक्त स्पर्धा के आधार पर जिले की मिनी जूनियर व जूनियर बैडमिंटन टीम का गठन किया जायेगा। जो राजनांदगांव में आयोजित जूनियर तथा बिलासपुर में आयोजित मिनी जूनियर राज्य बैडमिंटन स्पर्धा में रायपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। पहले दिन खेले जा रहे मुकाबलों में 11 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल में रेयांश खेतावत ने रिवान पटेल को 15-10,15-8 से, अयान अग्रवाल ने राजवीर सिंह चावला को 15-10,15-11 से,शाश्वत दुबे ने अभीर डागर को 15-11,13-15,15-9 से , रुद्रांश नीलय ने अव्यान अग्रवाल को 15-3,15-2 से, कबीर जसवानी ने अरांश निगम को 15-6,15-9 से ,पर्व अग्रवाल ने रियांश केडिया को 15-9,15-11 से , साक्ष्य भगत ने रुद्रांश खेतावत को 15-6,15-5 से ,उत्कर्ष ढोलकिया ने रेयांश खेतावत को 15-1,15-5 से, शौर्य तलरेजा ने शिव्यांश गुप्ता 15-3,15-11 से, आरव जैन (सावनसुखा) ने जय पटेल को 15-2,15-6 से, हयान श्रीवास्तव ने शौर्य गांडेचा को 15-8,15-8 से , समर संगोई ने पार्थ निहिचलानी को 15-7,15-5 से, पार्थ सुंदरानी ने सूर्यांश भंसाली को 15-12,15-7 से , बनाम रिदम बजाज ने कबीर गर्ग को 15-5,15-5 से, श्रीहान लाधा ने नमिश गुप्ता को 15-6,15-13 से , शिवांश भदानी ने शौर्य चलमचरला को 15-12,15-9 से , परम बजाज ने अरहम जैन को 17-15,18-20,18-16 से, ओजस सिंह ने युवांश गुप्ता को 21-19,15-8 से , जियांश आहूजा ने मुहम्मद मेमन को 15-10,15-11 से ,प्रियांश देबता ने आरव जैन को 15-2,15-3 से ,अद्विक अग्रवाल ने शिवांश गुप्ता को 15-5,15-5 से, जीवांश रिजवानी ने श्रेहान शर्मा को 15-9,15-3 से, कबीर जसवानी ने वृषांक गुप्ता को 15-2,15-2 से हराया। 13 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल ब्रायन जैन राघव ठाकुर ने ब्रायन जैन को 15-13,15-13 से, प्रखर प्रसाद ने अथर्व चौधरी को 12-15,16-14,15-13 से,हृदान अग्रवाल ने प्रियांश देबता को 15-7,15-6,15-13 से, राजवीर शुक्ला ने हर्षित रेड्डी को 15-7,15-2 से हराया।

## धन की हर समस्या से मिलेगा छुटकारा, बस करने होंगे ये उपाय



कुछ सरल और प्रभावशाली वास्तु उपाय अपनाकर आप अपने जीवन में समृद्धि और सफलता का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। साथ ही इन खास उपाय को सही तरीके से करने पर आप धन की समस्याओं से भी छुटकारा प्राप्त कर सकते हैं।

### ईशान कोण का महत्व

वास्तु शास्त्र में ईशान कोण को सबसे पवित्र दिशा माना गया है, क्योंकि इसे देवताओं का स्थान कहा गया है। इस दिशा को सदैव स्वच्छ और व्यवस्थित रखें। गंदगी या अव्यवस्था से मानसिक तनाव और नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न हो सकती है। घर के इस कोने में भगवान की मूर्तियां, धार्मिक ग्रंथ, पूजा का स्थान या छोटा-सा मंदिर बनाना शुभ माना जाता है।

### मुख्य द्वार पर दीपक जलाना

घर का मुख्य प्रवेश द्वार ऊर्जा का प्रवेश मार्ग होता है। प्रतिदिन शाम के समय मुख्य द्वार के पास दीपक जलाना बेहद शुभ और फलदायी होता है। दीपक को दरवाजे के दोनों ओर या केवल दाहिनी ओर रखें। इससे घर में लक्ष्मी का वास होता है और नकारात्मक शक्तियों का प्रवेश नहीं होता। शुक्रवार और अमावस्या की रात को यह उपाय अत्यंत फलदायक माना जाता है।

### उत्तर दिशा का रखरखाव

उत्तर दिशा को धन के देवता कुबेर और देवी लक्ष्मी से जोड़ा गया है। यह दिशा आर्थिक उन्नति और समृद्धि का प्रतीक मानी जाती है। उत्तर दिशा में साफ-सफाई बनाए रखें र अनावश्यक वस्तुएं न रखें।

## कार्नर न्यूज

## कुछ छोटे-छोटे वास्तु टिप्स को अपनाने से आपको यकीनन मिलेगी मदद

# विदेश में करना चाहते हैं पढ़ाई, इन वास्तु टिप्स के इस्तेमाल से सफलता चूमेगी आपके कदम

ऐसे कई लोग होते हैं, जिनकी यह इच्छा होती है कि वे विदेश जाकर पढ़ाई करें। एक बेहतर डिग्री की मदद से उनके तरक्की के रास्ते भी खुल जाते हैं। हालांकि, हर किसी का सपना पूरा हो जाए, ऐसा जरूरी नहीं है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्हें विदेश जाकर पढ़ाई करने की इच्छा होती है, लेकिन किसी ना किसी कारणवश उनकी राह में अड़चनें आ जाती हैं। ऐसे में व्यक्ति निराश हो जाता है।

हो सकता है कि आपके साथ भी ऐसा ही कुछ हो रहा हो। लेकिन अब आपको दुखी या परेशान होने की जरूरत नहीं है। दरअसल, ऐसे कई वास्तु के उपाय होते हैं, जिन्हें अपनाने से आपको यकीनन लाभ मिल सकता है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको कुछ ऐसे ही उपायों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आपके विदेश जाकर पढ़ाई करने की संभावनाएं कई गुना बढ़ सकती हैं-

### प्लास्टिक के सामान से बचें

चूंकि स्टडी टेबल आपकी पढ़ाई



से जुड़ी है, इसलिए इसका गहरा प्रभाव आपकी शिक्षा पर पड़ता है। हमेशा ध्यान रखें कि आप अपनी स्टडी टेबल पर किसी तरह का प्लास्टिक का सामान रखने से बचें। कोशिश करें कि आप प्लास्टिक की जगह कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं या फिर अगर शोपीस रखना चाहते हैं तो प्लास्टिक की जगह लकड़ी का बना हुआ शोपीस रखें।

### उत्तर-पश्चिम दिशा में रखें डॉक्यूमेंट

आपको विदेश में जिस कोर्स में दाखिला लेना है या फिर आपकी स्टडी से जुड़े डॉक्यूमेंट्स को आप हमेशा उत्तर-पश्चिम दिशा में रखें। इससे इनमें पॉजिटिविटी बनी रहती है और आपके विदेश जाने के आसार अधिक बनते हैं। वहीं, अगर आपको कोई मेडल या अवॉर्ड मिला है, तो उन्हें हमेशा उत्तर दिशा में रखें।

### बेकार की चीजों से बचें

हमेशा ध्यान रखें कि आप अपने बेड या स्टडी टेबल के आसपास बेकार की चीजें ना रखें। बेकार की चीजें जैसे रद्दी, पुरानी टूटी-फूटी चीजें या फिर खराब सामान आपके आसपास के औरा को खराब करता है। जिससे उस जगह पर नेगेटिविटी फैलती है। यह देखने में आता है कि जो लोग अपने बेड या स्टडी टेबल के आसपास इस तरह की बेकार की चीजें रखते हैं, उनके काम बनते-बनते बिगड़ने लगते हैं। आप यकीनन ऐसा बिल्कुल भी नहीं चाहेंगे।



### उत्तर-पूर्व का कोना हो हल्का

हमेशा कोशिश करें कि आप जिस कमरे में रहते हैं या फिर पढ़ाई करते हैं, उसका उत्तर-पूर्व का कोना हमेशा खाली, हल्का और ठंडा होना चाहिए। उत्तर-पूर्व की दिशा पर ध्यान देने से भी विदेश जाकर पढ़ाई करने के रास्ते अग्रसर होते हैं। तो अब आप भी इन छोटे-छोटे उपायों को अपनाएं। आपको जल्द ही विदेश जाकर पढ़ाई करने का मौका अवश्य मिलेगा।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जारी हुआ 'जुमानजी ओपन वर्ल्ड' का ट्रेलर तीसरी किस्त के लिए लौटे ड्वेन और कैरेन

सोनी ने 'जुमानजी' फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त 'जुमानजीः ओपन वर्ल्ड' का जबरदस्त ट्रेलर रिलीज किया है। ट्रेलर में ड्वेन जॉनसन,



केविन हार्ट, जैक ब्लैक और कैरेन गिलन की झलक देखने को मिलती है। 3 मिनट 6 सेकंड के ट्रेलर में नजर आ रहा है कि जुमानजी गेम का कंट्रोल टूट गया है। वीडियो गेम के किरदार असली दुनिया में आ गए हैं। जंगल के खतरनाक जानवर खुलेआम सड़कों पर तबाही मचा रहे हैं। गेम के हीरो मिलकर इस खेल को रोकने की कोशिश करते हैं। ट्रेलर में मुख्य चार कलाकार फिर से एक्शन में हैं, जो इस फ्रेंचाइजी के एक्शन, कॉमेडी और बॉडी-स्वैप वाली मजेदार हरकतों के उस मिश्रण को जारी रखने का संकेत है, जिसने पिछली फिल्मों को खास बनाया था। फिल्म में वापस आने वाले कलाकारों में डैनी डेविटो, निक जोनास, ऑक्वाफिना, मारिन हिंकल, बेबे न्यूविर्थ, लैमोर्न मॉरिस और राइस डार्बी शामिल हैं। जबकि नए कलाकारों के तौर पर डैन हिल्डेब्रांड और जैक ज्यूक्स भी इस टीम का हिस्सा बने हैं। यह तीसरी फिल्म 2017 की 'जुमानजीः वेलकम टू द जंगल' और 2019 की 'जुमानजीः द नेक्स्ट लेवल' की जबरदस्त सफलता के बाद आ रही है। इसके निर्देशक जेक कसडन हैं। यह फिल्म असल में 11 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब ये 25 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में कई भाषाओं में रिलीज होगी।

### टॉलीवुड

## 'टॉक्सिक' को लेकर यश का बड़ा खुलासा, कहा- 'फिल्म सबका दिमाग हिला देगी'

एक्टर यश ने सैन डिएगो कॉमिक-कॉन 2026 में अपनी अपकमिंग फिल्म 'रामायण' को प्रमोट करते हुए अपनी दूसरी फिल्म 'टॉक्सिक'



को लेकर भी खुलकर बात की। यश की आने वाली फिल्म टॉक्सिक का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट काफी बढ़ गई है। फिल्म को लेकर यश ने कहा कि यह 'वाइल्ड' और 'बेबाक' है और इसे देखने के बाद लोग हैरान रह जाएंगे।

यश ने एक इंटरव्यू में बताया कि पहली नजर में 'टॉक्सिक' एक बड़ी एक्शन फिल्म लग सकती है, लेकिन इसके पीछे गहरी भावनाएं छुपी हुई हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे पता है यह फिल्म सबका दिमाग हिला देगी। यह एक रोलर-कोस्टर राइड जैसी है – बहुत वाइल्ड और बेबाक। लेकिन इसके साथ ही यह काफी गहरी भी है। ऊपर से यह बड़ी और अलग दिखेगी, जो फिल्म की खासियत है। लेकिन अंदर से यह बहुत इमोशनल फिल्म है। जो भी इसे थिएटर में देखने जाएगा, बाहर निकलते वक्त हैरान रह जाएगा और कहेगा- 'ये आखिर था क्या?''

यश ने फिल्म के एक्शन सीन्स के बारे में भी बात की और बताया कि उन्हें एक्शन फिल्में हमेशा से पसंद रही हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे एक्शन बहुत पसंद है। मैं खुद एक्शन फिल्मों का फैन हूं और जब भी एक्शन होता है, मेरे अंदर का बच्चा खुश हो जाता है। मैं मॉनिटर पर ऐसे देखता हूं जैसे कोई फिल्म देख रहा हूं। एक्शन कोरियोग्राफर जेजे पैरी ने शानदार काम किया है। 26 तारीख को जब 'टॉक्सिक' रिलीज होगी, तब आप देखेंगे हमने कैसा एक्शन किया है।'

इस फिल्म का निर्देशन गीतू मोहनदास ने किया है और यह 26 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में यश के साथ नयनतारा, कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया और हुमा कुरेशी जैसे बड़े सितारे नजर आएंगे।

### छॉलीवुड

## "जान लेबे का" देगी मनोरंजन के साथ सामाजिक संदेश भी

छत्तीसगढ़ी सिनेमा की बहुप्रतीक्षित फिल्म "जान लेबे का" 31 जुलाई को 70 सिनेमाघरों में रिलीज़ होने जा रही है। मनोरंजन, भावनाओं, एक्शन और सामाजिक



संदेश से भरपूर यह फिल्म दर्शकों को एक अलग सिनेमाई अनुभव देने के लिए तैयार है। फिल्म का निर्देशन आलेख चौधरी ने किया है, जबकि इसके निर्माता लक्ष्मी प्रकाश जयसवाल हैं। फिल्म का वितरण छत्तीसगढ़ी सिनेमा के प्रतिष्ठित फिल्मकार सतीश जैन द्वारा किया जा रहा है। फिल्म में मन कुरैशी, दीक्षा जयसवाल, लक्षित झांझी और काजल सोनबेर मुख्य भूमिकाओं में नज़र आएंगे। अन्य कलाकार संजय बत्रा, मनमोहन ठाकुर, हेमलता कोसल कॉमेडियन, रोहित चंदेल,पप्पू चंद्राकर , राजेन्द्र कपूर,चन्द्र कला तिवारी, दिव्या साहू , उपासना वैष्णव, घनश्याम मिरज़ा, टिकेश्वर ,मुकेश साहू,नीरज उइके अपने सशक्त अभिनय और प्रभावशाली किरदारों के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। "जान लेबे का" केवल एक मनोरंजक फिल्म नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़ी एक सशक्त कहानी भी है। फिल्म में दो भाइयों के रिश्तों, उनके प्रेम, संघर्ष और टकराव को भावनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। साथ ही पारिवारिक मूल्यों, हास्य, रोमांच और जल, जंगल, जमीन जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को भी कहानी का हिस्सा बनाया गया है। यही वजह है कि यह फिल्म सामाजिक, पारिवारिक और राजनीतिक विषयों का संतुलित संगम प्रस्तुत करती है। तकनीकी दृष्टि से भी फिल्म बेहद भव्य है। इसकी शूटिंग पाँच अलग-अलग शेड्यूल में पूरी की गई है। फिल्म के वीएफएक्स का कार्य बाहरी विशेषज्ञों द्वारा किया गया है।

## निधिका का कलेक्शन

लाइफ स्टाइल

मशहूर डिजाइनर निधिका शेखर दिल्ली के कलेक्शन में भारतीय विरासत और आधुनिक महिलाओं की पसंद का मेल होता है। उनकी डिजाइन अपनी खास बनावट के लिए जानी जाती है। इनमें एसिमेट्रिक कट, फ्लोई ड्रेप और स्कल्पचरल केप शामिल है। इन्हें बारीक कढ़ाई, शीशे के काम और ध्यान से चुने गए कपड़ों से तैयार किया जाता है। हमेशा साथ रहने वाले लहंगों से लेकर महफिल में छा जाने वाले गाउन तक, हर डिज़ाइन में कारीगरी और पहनने में आसानी का बेहतरीन तालमेल दिखता है।



## टैनिंग से काली पड़ी गर्दन को साफ करें घरेलू उपाय से

अक्सर हमारा गदन बाहर मौजूद टैनिंग के कारण काला पड़ जाता है। इसलिए आज हम आपको बताने वाले हैं एक ऐसा घरेलू नुस्खा जिसकी मदद से आप आसानी से काली पड़ी गर्दन को दाफ कर पाएंगी और त्वचा की देखभाल कर पाएंगी। काली गर्दन को साफ करने ओटमील,बेसन और गुलाब जल इस्तेमाल करें।

काली गर्दन पर ओटमील लगाने के फायदे

ओटमील में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण स्किन को डीप क्लीन करने में मदद करता है। साथ ही यह स्किन से टैनिंग रिमूव करने में बेहद असरदार साबित होता है।

गुलाब जल को काली गर्दन पर लगाने के फायदे


गुलाब जल एक नेचुरल टोनर का काम करता है। यह त्वचा के कालेपन को दूर करने में मदद करता है।

बेसन को काली गर्दन पर लगाने के फायदे

बेसन में मौजूद प्रॉपर्टी त्वचा के ऊपर जमी टैनिंग को कम करने में मदद करता है। त्वचा में होने वाले किसी भी तरह के स्किन इन्फेक्शन को होने से रोकने के लिए बेसन बेहद मददगार होता है।

काली गर्दन को साफ करने के लिए क्या करें?

काली गर्दन को साफ करने के लिए सबसे पहले एक बाउल में लगभग 2 से 3 चम्मच ओटमील डालें। इसमें 2 चम्मच बेसन और 3 से 4 चम्मच गुलाब जल की डालें। इन सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। मिक्स करने के बाद इसे आप गर्दन की काली पड़ी त्वचा पर लगा लीजिये। आप चाहे तो गर्दन पर 2 से 3 मिनट तक मसाज भी कर सकती हैं। करीब 30 मिनट तक लगा रहने दें और फिर पानी और कॉटन की मदद से साफ कर लें। साफ करने के बाद आपको



पहली ही बार में फर्क नजर आने लग जाएगा। इस घरेलू नुस्खे का इस्तेमाल आप हफ्ते में 3 बार तक कर सकती हैं।

## ब्लाउज को आकर्षक लुक देने शोल्डर पर बनवाएं खास डिजाइंस





अपने लुक को खास बनाने के लिए हम क्या-कुछ नहीं करते हैं और इसके लिए आपको ऑनलाइन भी कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगी। वहीं साड़ी का चलन हमेशा फैशन ट्रेंड में रहता है और साड़ी को आकर्षक लुक देने के लिए ब्लाउज का डिजाइन चुनना बेहद जरूरी होता है। हालांकि ब्लाउज के आपको कई तरीके के डिजाइन और पैटर्न मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप अपने लुक को स्टेटमेंट देना चाहती हैं तो शोल्डर पर भी अपनी पसंद का डिजाइन बनवा सकती हैं। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं ब्लाउज के शोल्डर के लिए कुछ आकर्षक और लेटेस्ट डिजाइंस, जिन्हें आप आसानी से स्टाइल कर अपने लुक को खास बना सकती हैं।

### शोल्डर फ्रिल डिजाइन ब्लाउज

आजकल फ्रिल का चलन फैशन ट्रेंड में काफी नजर आ रहा है। वहीं इसके कई डिजाइन भी आपको आसानी से देखने को मिल जाएंगे। बता दें कि आप एक से ज्यादा लेयर की मदद लेकर भी हैवी लुक वाला फ्रिल डिजाइन अपने कंधे पर बनवा सकती हैं।

### पतली बाजू के लिए

अगर आपकी बाजू पतली है और आप इन्हें आकर्षक और बल्की लुक देना चाहती हैं तो इस तरह का डिजाइन आप स्लीव्स और शोल्डर के लिए चुन सकती हैं। इसमें आपको बैलून से लेकर और भी कई डिजाइन आसानी से देखने को मिल जाएंगे।



## बिना मेकअप सिर्फ लिपस्टिक के इन शेड्स को करें इस्तेमाल

लिपस्टिक के शेड को चुनने से पहले आपको अपनी स्किन टोन को समझना बेहद जरूरी होता है ताकि चुना गया लिप कलर आपके चेहरे कि रोनक को बढ़ाने में मदद करें।

रोजाना से लेकर किसी पार्टी में जाने तक के लिए हम मेकअप करना पसंद करते हैं और इसके लिए मार्केट में अनेक वैरायटी के प्रोडक्ट्स भी आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन इन ज्यादातर आज भी रोजाना के लिए केवल लिपस्टिक लगाना ही पसंद करते हैं। इसके लिए हम आए दिन नए से नए कलर्स लिपस्टिक भी खरीदते हैं।

### डीप रेड लिप कलर

अगर आप बोल्ड कलर की लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं तो इस तरह के डीप रेड कलर को चुन सकती हैं। यह कलर खासकर नाइट लुक में बेहद खूबसूरत नजर आता है। बता दें कि यह कलर लगभग हर इंडियन स्किन टोन पर खूबसूरत नजर आता है। इसके अलावा अगर आपके होंठ छोटे हैं तो यह कलर लिप्स को पाउटी बनाने में मदद करेगा।



### जिंजरब्रेड लिप कलर

अगर आप रोजाना से अलग कुछ ट्राई करना चाहती हैं तो ब्राउन फैमिली के इस कलर यानि जिंजरब्रेड कलर की लिपस्टिक को होंठों पर लगा सकती हैं। यह कलर खासकर मीडियम से लेकर डार्क स्किन टोन पर बेहद खूबसूरत नजर आता है।

### न्यूड पिंक लिप कलर

अगर आप सटल और सोबर कलर की लिपस्टिक को लगाना पसंद करती हैं तो इस तरह का शेड आपके लिए परफेक्ट रहेगा।

## गोल्ड ज्वेलरी की सफाई करते वक्त इन बातों का रखें ध्यान

गोल्ड ज्वेलरी का सही तरीके से सफाई ना किया जाएं तो उनकी चमक निलक जाती हैं। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर सकती हैं।हर भारतीय महिला गोल्ड ज्वेलरी पहनती है। गोल्ड ज्वेलरी पहनने पर तो काफी ज्यादा खूबसूरत लगते है लेकिन लंबे समय तक पहनने पर यह गंदे हो जाते हैं। ऐसे में अगर गोल्ड ज्वेलरी की सही तरीके से सफाई ना कि जाएं तो यह खराब होने लगते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर सकती हैं।

**हार्श केमिकल का ना करें इस्तेमाल :** अगर आप ज्यादा केमिकल वाले साबुन का इस्तेमाल अपने ज्वेलरी को साफ करने के लिए करती हैं तो यह खराब हो सकता है। हार्श केमिकल यानी ब्लीच जैसी चीजों का इस्तेमाल गोल्ड ज्वेलरी की सफाई के दौरान नहीं करना चाहिए।

**ज्वेलरी साफ करते समय किन बातों का रखें ध्यानः** सोना कई तरीके का होता है। ऐसे में अगर आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर रहे हैं तो पैच टेस्ट करके जरूर देखें। जिस भी चीज का इस्तेमाल सफाई



के दौरान कर रहे हैं उससे पैच टेस्ट करें। वरना गोल्ड ज्वेलरी का रंग केमिकल के कारण खराब भी हो सकता है।

**ज्वेलरी के लिए सही ब्रश का करें इस्तेमालः** अगर आप हार्ड ब्रश का इस्तेमाल ज्वेलरी की सफाई के लिए करती हैं तो आपकी ज्वेलरी खराब भी हो सकती हैं। ऐसे में कोशिश करें की ब्रश साफ्ट लें ताकि ज्वेलरी को किसी भी तरीके का नुकसान ना पहुंचे।

कार्नर न्यूज

फेस वॉश या स्क्रब की तरह इस्तेमाल कीजिए घरेलु प्रोडक्ट को

## स्किन बैरियर को ठीक रखने नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल जरूरी, किचन इंग्रीडिएंट्स को आजमा

जब भी बात फेस वॉश की होती है, तो हमेशा हम ऐसा प्रोडक्ट चुनने की कोशिश करते हैं जिससे स्किन ब्राइट और लाइट हो। इसे गलती नहीं मानेंगे क्योंकि अधिकतर ब्यूटी प्रोडक्ट्स को इसी तरह से एडवर्टाइज किया जाता है। पर केमिकल फेस वॉश के कारण स्किन बैरियर भी खराब होने लगता है। स्किन बैरियर को ठीक रखने के लिए नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना जरूरी होता है। स्किन पर नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से काफी हद तक आप स्किन प्रॉब्लम्स से दूर रह सकती हैं।

अगर बात किचन इंग्रीडिएंट्स की करें, तो ऐसी कई चीजें हैं जो ना सिर्फ फेस वॉश, बल्कि फेस स्क्रब का काम भी कर सकती हैं। ये आपकी स्किन को नेचुरली एक्सफोलिएट कर सकती हैं। ब्यूटी और हेयर एक्सपर्ट शहनाज हुसैन कहती हैं कि नॉर्मली हम लोग फेसवॉश का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन चेहरे की क्लींजिंग करने के और तरीके हो सकते हैं। आपको चेहरे पर हार्ड केमिकल्स और साबुन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। शहनाज हुसैन के मुताबिक, आपको क्लींजिंग जेल या नेचुरल इंग्रीडिएंट्स से चेहरा



साफ करना चाहिए। उनके मुताबिक, दूध, तिल का तेल, गुलाब जल जैसे कई इंग्रीडिएंट्स अच्छे फेस क्लींजर्स हो सकते हैं।

### स्किन एक्सफोलिएशन और क्लीनिंग के लिए इस्तेमाल करें टमाटर

विटामिन-सी बहुत ही अच्छा ऑप्शन हो सकता है आपकी स्किन को ठीक करने के लिए। अगर आप उन लोगों में से हैं जिन्हें डेड स्किन की समस्या होती है, तो विटामिन-सी और विटामिन-ए से भरपूर टमाटर आपकी स्किन के लिए अच्छा होगा।

आप इसे आधा काटकर अपनी स्किन पर रब कर सकती हैं या फिर टमाटर के जूस के साथ बेसन मिक्स कर आप उसे लगा सकती हैं।

### फेस क्लीनिंग के लिए काम आएगा तिल का तेल

अगर आपकी स्किन काफी ड्राई है और आपको स्किन से जुड़ी कई समस्याएं हो रही हैं, तो आप तिल का तेल इस्तेमाल कर सकती हैं। तिल का तेल मसाज के लिए अच्छा होगा। आप उसके साथ 1 चम्मच ओट्स पाउडर मिलाकर स्क्रब भी बना सकती हैं।

इसे हल्के हाथों से चेहरे पर लगाएं और स्किन को नेचुरली एक्सफोलिएट करें।

### दूध से करें चेहरे की क्लीनिंग और एक्सफोलिएशन

अगर आप उन लोगों में से हैं जिन्हें दूध सूट करता है और उसकी स्मेल से दिक्कत नहीं होती, तो कच्चा दूध स्किन पर लगाकर चेहरा साफ किया जा सकता है। इसके अलावा, आप कच्चे दूध के साथ एक छोटा चम्मच शहद बनाकर स्किन पर 2 मिनट के लिए मसाज कर सकती हैं और उसके बाद आप चेहरा सादे पानी से धो सकती हैं। आप कच्चे दूध और ओट्स पाउडर को मिलाकर स्क्रब भी बना सकती हैं जिससे आपकी स्किन एक्सफोलिएट हो सके।

